


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 271

ग्वालियर, गुरुवार, 25 नवम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.





## खास खबर

### पंजाब में गो-हत्या के बाद इलाके में तनाव

**लुधियाना।** गोहत्या की रोकथाम नहीं होने के कारण पंजाब के हिंदू संगठनों में भारी रोष है। जीवन नगर के नजदीक चौकी से थोड़ी दूर गौ-मांस मिलने के बाद तनाव पैदा हो गया है। हिन्दू संगठन पहुंचे और उन्होंने भारी हंगामा किया। हिंदू संगठनों के सदस्य गो हत्या के विरोध में धरने पर बैठ गए। बाद में पहुंची पुलिस ने धरने पर नहीं बैठने दिया। जानकारी के अनुसार स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। पुलिस ने एक गाय का कटा सिर और धड़ बरामद किया है। जिस गाय की हत्या की गई वह गर्भवती थी। उसके पेट से बछड़ा बरामद किया गया है। हिन्दू संगठनों का कहना है कि पंजाब में मौहाल खराब करने की कोशिश की जा रही है। हिन्दू संगठनों का कहना है कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार कर सजा नहीं दी जाती है तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

### उम्मीद है जल्द धरना खत्म कर घर लौट जाएंगे किसान : अमरिंदर

**पटियाला।** पूर्व कैप्टन अमरिंदर सिंह ने ट्वीट करते हुए कहा कि वह सभी किसानों को बधाई देते हैं क्योंकि केंद्रीय कैबिनेट ने तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा मुझे विश्वास है कि हमारे किसान जल्द ही अपने परिवारों के साथ वापस आएंगे। यहां बता दें कि पीएम मोदी द्वारा तीन कृषि बिलों को वापस ले लिया गया है परंतु इसके बावजूद भी किसान आंदोलन खत्म नहीं हुआ है। किसानों ने मांग है कि जब तक कृषि बिल संसद में पास नहीं होता तब तक धरना जारी रहेगा।

### मुंबई क्राइम ब्रांच ने किया नकली नोट के रैकेट का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की क्राइम इंटेलिजेंस यूनिट ने पायधुनी इलाके में नकली नोट के रैकेट का पर्दाफाश किया है. इस कार्रवाई में क्राइम इंटेलिजेंस यूनिट ने 1 लाख 60 हजार रुपये के नकली नोट बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी के पास से उस कंप्यूटर और प्रिंटर को पुलिस ने बरामद किया है, जिसके जरिए वह नकली नोट को छापने का कारोबार कर रहा था. क्राइम ब्रांच के डीसीपी प्रकाश जाधव ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि जानकारी मिलने के बाद हमारी टीम ने वहां छापा मारा और बड़ी संख्या में नकली नोट और इसको बनाने में इस्तेमाल होने वाले दस्तावेजों को बरामद किया है. पूरे मामले की तह तक जाने के लिए हमारी जांच चल रही है. मुंबई क्राइम ब्रांच के आला अधिकारियों के मुताबिक उन्हें अपने गोपनीय सूत्रों से यह जानकारी मिली कि पायधुनी इलाके की करीमी मंजिल नामक इमारत में नकली नोटों को छापने और फिर उसे बाजार में चलाने का कारोबार चल रहा है. इस जानकारी के बाद क्राइम इंटेलिजेंस यूनिट ने इस इमारत में छापा मारकर आरोपी शब्बीर हाशिम कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया।

## इन्वेस्टर्स मीट से बदलेगी बालाघाट की तस्वीर

# क्या मिलेगा जिले के युवाओं को रोजगार?

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**
**बालाघाट**










प्रकृति ने बालाघाट जिले को जल, खनिज एवं वन संपदा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध कराया है। बालाघाट जिले में प्रदेश का सर्वाधिक धान पैदा होता है। इस जिले में उपलब्ध संसाधनों पर आधारित उद्योग लगाने एवं उनमें निवेश की अच्छी संभावना है। इससे यह जिला तेजी से विकास की ओर अग्रसर होगा। उद्यमी यहां पर आयें और उद्योग लगाने के लिए अधिक से अधिक राशि का निवेश करें। उद्यमियों को हम सारी सुविधायें उपलब्ध करायेंगें। यह बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 18 अगस्त को बालाघाट में आयोजित इन्वेस्टसर्स मीट में उपस्थित उद्यमियों को वर्चुअल संबोधित करते हुए कही। बालाघाट जिले में नये उद्योग लगाने एवं निवेश को प्रोत्साहित करने के मकसद से 18 अगस्त को शुभारंभ लान नवेगांव-बालाघाट में आयोजित इन्वेस्टर्स मीट में मध्यप्रदेश शासन के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव एवं आयुष मंत्री रामकिशोर ÷नानो÷ कावरे, मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कृषि मंत्री एवं वर्तमान विधायक एवं मध्यप्रदेश अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन, सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, कलेक्टर दीपक आर्य, अपर कलेक्टर विवेक कुमार, मायल के सीएमडी मुकुंद चौधरी, अन्य प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य अतिथि एवं मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उड़ीसा एवं पंश्चिम बंगाल के उद्यमी उपस्थित थे। इस इन्वेस्टर्स मीट में उद्यमियों से जिले में निवेश को लेकर एवं उन्हें शासन से मिलने वाली सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर कृषि विभाग, कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव द्वारा धान की प्रदर्शनी लगाई गई थी। इसके अलावा मत्स्योद्योग, मैंगनीज आधारित उत्पादों, वन उत्पाद एवं हाथकरघा वस्त्रों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। देखा जाए तो बालाघाट जिले में प्रचुर मात्रा में बांस पाया जाता है। शासकीय भूमि के अलावा नीजी भूमि पर भी बांस की खेती की जा रही है। यहां पर बांस से जुड़े उद्यम भी लगाये जा सकते है। बालाघाट जिले में सुगंधित एवं अच्छी गुणवत्ता का चावल भी होता है। इस जिले में राईस मिल उद्योग के लिए भी अच्छी संभावनायें है। यह जिला अब बाघ (टाईगर) के नाम से भी अपनी अलग पहचान बना रहा है। इस जिले में पर्यटन के क्षेत्र में उद्योग लगाये जा सकते है। यदि सरकार रूचि दिखाएं तो बालाघाट जिला निरंतर आगे बढ़ सकता है और तरक्की कर सकता है। इसके लिए सरकार बालाघाट जिले में उद्योग लगाने एवं निवेश करने के इच्छुक उद्यमियों को हर संभव मदद करे । आज बालाघाट जिले में इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन कर अच्छी पहल की गई है। यह इन्वेस्टर्स मीट बालाघाट जिले के विकास के मामले में मील का पत्थर साबित होगी। मध्यप्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर आकर अब विकसित राज्य में आ गया - राजवर्धन सिंह दत्तीगांव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री मध्यप्रदेश शासन के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने इस अवसर पर उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की उद्योगों को प्रोत्साहन देने की नीति के कारण मध्यप्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर आकर अब विकसित राज्य में आ गया है। प्रदेश सरकार उद्यमियों को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने नई नीतियां बना रही है। बालाघाट जिले में उद्यमियों ने बांस, एथेनाल, मैंगनीज एवं राईस मिल उद्योग लगाने के लिए प्रस्ताव दिये है। जिले में इन उद्योगों के लगने से यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि बालाघाट में आयोजित इस इन्वेस्टर्स मीट का प्रदेश एवं देश के उद्यमियों को संदेश है कि, बालाघाट आईये और यहां पर निवेश करिये।

## राकेश टिकैत का नया अल्टीमेटम मोदी सरकार के पास सिर्फ 30 दिन का टाइम



**नई दिल्ली।** दिल्ली-उत्तर प्रदेश के गाजीपुर बार्डर यूपी गेट पर किसानों के धरना प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने दिल्ली बार्डर खाली करने के लिए अब नई शर्त रख दी है। इस शर्त के बाबत राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार को इशारों-इशारों में नया अल्टीमेटम दिया है। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने बुधवार को साफ शब्दों में कहा है कि अगर अगले साल 26 जनवरी से पहले तक किसानों की सभी बची 6 मांगें मान ली जाएंगीं तो वे दिल्ली-एनसीआर के चारों बार्डर सिंघु, शाहजहांपुर, टीकरी और गाजीपुर से चले जाएंगे। गाजियाबाद के सदर गांव में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कहा कि केंद्र सरकार ने घोषणा की है तो वो प्रस्ताव ला सकते हैं लेकिन फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य और 700 किसानों की मृत्यु भी हमारा मुद्दा है। सरकार को इसपर भी बात करनी चाहिए। 26 जनवरी से पहले तक अगर सरकार मान जाएगी तो हम चले जाएंगे। चुनाव के विषय में हम चुनाव आचार संहिता लगने के बाद बताएंगे। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि संघर्ष से ही समाधान का रास्ता मिल निकला है तभी सरकार ने तीन कृषि कानूनों को वापस लिया है। ऐसे में अब सरकार के पास 35 दिन का टाइम है। अपने घोषणा पत्र के मुताबिक एक जनवरी 2022 में वह किसानों की आमदनी दोगुना करने वाली थी जो नहीं कर पाई एक जनवरी से किसानों की मांगों में यह मांग भी जुड़ जाएगी। वह गांव सदरपुर में मधुबन बापूधाम आवासीय योजना में जीडीए से बढ़े मुआवजे की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसानों के बीच कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने किसानों से अपनी मांगों को मनवाने के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने हमारा जिला हमारा कलेक्ट्रेट का नारा देते हुए कलेक्ट्रेट को घेरने की भी बात कही।

### देश में पहली बार फंगल स्ट्रेन का फेफड़े में संक्रमण आया सामने दो मरीजों की हुई मौत

**नई दिल्ली।** कोरोना के दौर में फंगस संक्रमण के मामले बढ़े हैं। इसी क्रम में एस्परजिलस फंगस के नए स्ट्रेन (एस्परजिलस लेंटुलस) के संक्रमण से दो मरीजों की मौत का मामला सामने आया है। देश में पहली बार इस फंगल स्ट्रेन का फेफड़े में संक्रमण होने की बात सामने आई है। यह स्ट्रेन दवा प्रतिरोधक है। इस वजह से इस पर दवा भी बेअसर साबित हुई। एम्स के डाक्टरों ने इसे इंडियन जर्नल आफ मेडिकल माइक्रोबायोलाजी में प्रकाशित किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार एक मरीज की उम्र करीब 50 व दूसरे मरीज की उम्र करीब 40 साल थी। ये दोनों मरीज सीओपीडी (क्रोनिक आब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) से पीड़ित थे। एक मरीज को संक्रमण होने पर निजी अस्पताल से स्थानांतरित कर एम्स में भर्ती कराया गया था। क्योंकि एंटीबायोटिक व एंटी फंगल दवाएं देने के बावजूद उसके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो रहा था।







## केंद्र पर भरोसा नहीं, संसद से कृषि कानून रद्द होने पर ही खत्म करना चाहिए किसान आंदोलनः येचुरी



**लुधियाना।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि कृषि कानून वापिस लेने के मामलें में मोदी सरकार पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। जब तक संसद में तीनों कृषि कानून रद्द नहीं हो जाते, तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने कृषि कानूनों को वापिस लेकर किसानों पर कोई मेहरबानी नहीं की है। बल्कि पिछले समय के दौरान हरियाणा, हिमाचल व राजस्थान के उप-चुनाव में भाजपा को उम्मीद के मुताबिक नतीजे न मिलने के बाद ही मोदी सरकार ने कृषि कानूनों को वापिस लेने का ऐलान किया है, ताकि 2022 में पंजाब समेत देश के पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा नहीं चाहती कि उनको हार के रूप में निराशा का सामना करना पड़े। येचुरी आज यहां लुधियाना में सीपीआई (एम) की दो दिवसीय 23वीं राज्य स्तरीय कांफ्रैंस में शिरकत करने से पहले मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा उनकी पार्टी किसानों के साथ डट कर खड़ी है और इस बात का जोरदार समर्थन करती है कि जब तक तीनों कृषि कानून संसद में रद्द नहीं हो जाते, तब तक किसान मोर्चे पर डटे रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की एमएसपी की मांग व इस संबधी कानून बनाने को लेकर सीपीआई एम संसद में किसानों के हक में आवाज बुंलद करते हुए समर्थन करेगी। येचूरी ने कहा कि संसद का होने वाला सेशन कैसा रहेगा, ये तो सत्ताधारी मोदी सरकार पर निर्भर करता है। सीपीआई एम) समेत अन्य राजनीतिक दल कृषि कानूनों समेत अलग-अलग मुद्दों पर संसद में चर्चा करने की तैयारी में है। मोदी सरकार चर्चा होने देगी या नहीं। यह तो संसद का सेशन शुरू होने पर केन्द्र सरकार के व्यवहार पर निर्भर करेगा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार होती है या फिर चर्चा की मांग करने वालों को संसद से बाहर का रास्ता दिखाती है। क्योंकि इससे पहले जब मोदी सरकार ने कृषि कानून बिल संसद में पारित करने थें तो सीपीआई (एम) के सांसदों ने बिल पर चर्चा करने की मांग की थीं। मांग को मानने की बजाय सांसदों को संसद से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। 2022 में पंजाब विधान सभा चुनाव पर उन्होंने कहा भाजपा को पराजित करना ही एक मकसद रहेगा।







# रहाणे की कप्तानी में जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी टीम इंडिया

### मैच सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

**कानपुर।** भारतीय टीम गुरुवार से मेहमान टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में उतरेगी। टीम 20 सीरीज में जीत से उत्साहित भारतीय टीम का लक्ष्य दो टेस्ट मैचों की इस सीरीज में भी जीत का सिलसिला बनाये रखना रहेगा। इस मैच में आजिंक्य रहाणे भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान विराट कोहली अवकाश पर हैं। वहीं चेतेश्वर पुजारा टीम के उपकप्तान होंगे। रहाणे इस सीरीज में रन बनाने के साथ ही अपने फार्म को भी हासिल करना चाहेंगे क्योंकि काफी समय से वह रन नहीं बना पाये हैं। इसके अलावा उनपर टीम को जीत दिलाने का भी दबाव रहेगा। पुजारा भी धीमी बल्लेबाजी के कारण निशाने पर रहे हैं। इसलिए वह भी इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। इस सीरीज में भारतीय टीम को बल्लेबाज लोकेश राहुल के बिना ही खेलना होगा। राहुल मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सीरीज से ही बाहर हो गये हैं। ऐसे में पारी की



शुरुआत मयंक अग्रवाल ओर शुभमन गिल करेंगे जबकि श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार में से किसी एक को नंबर चार पर उतारा जाएगा। मैच से एक दिन पहले ही रहाणे ने श्रेयस अय्यर के डेब्यू को लेकर बयान दे दिया है जिससे उनके खेलने की अधिक संभावना है।

विराट कोहली, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत के नहीं होने से मध्यक्रम पहले से ही कमजोर दिख रहा है और इसके अलावा राहुल भी चोट के कारण बाहर हो गए हैं। इन हालातों को देखते हुए अय्यर और सूर्यकुमार विकल्प के रूप में टीम इंडिया के साथ जुड़े हैं पर रहाणे अय्यर को शामिल करना चाहते हैं अंतिम फैसला मैच से पहले होगा। अय्यर अपने कंधे की सर्जरी के बाद से संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने टीम में अपना दावा वापस मजबूत करने के लिए बहुत अधिक रन नहीं बनाए हैं जबकि दूसरी ओर इंग्लैंड दौरे पर बैकअप विकल्प के रूप में बुलाए गए सूर्यकुमार ने भी पिछले दो सत्रों में लाल गेंद से अधिक मैच नहीं खेले हैं।

घरेलू सर्किट में अय्यर शानदार खिलाड़ी हैं। उन्होंने 81.54 की स्ट्राइक रेट के साथ 52.18 की औसत से 4,500 से अधिक रन बनाए हैं, जिसमें 54 मैचों में 12 शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं हालांकि, टेस्ट टीम में कई नए खिलाड़ियों की तरह अय्यर ने भी पिछले 24 महीनों में कोई रेड-बॉल क्रिकेट नहीं खेली है। आखिरी बार उन्होंने प्रथम श्रेणी मैच 2019 में ईरानी कप में खेला था। जहां तक ??सूर्यकुमार का सवाल है उनकी सफेद गेंद की फॉर्म प्रशंसनीय रही है पर अब कार्यवाहक कप्तान रहाणे ने साफ कर दिया है कि श्रेयस डेब्यू करने जा रहे हैं। ऐसे में उनके नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने की उम्मीद है।

काफी कुछ इस बात पर भी आधारित रहेगा कि कानपुर की पिच कैसे तैयार की जाती है। भारत ने आखिरी बार 2016 में एक टेस्ट मैच खेला था और तब से भारत ने 2017 में केवल एक टी20 अंतरराष्ट्रीय और एक वनडे खेला है। ग्रीन पार्क के हाल के इतिहास को देखते हुए स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है। ऐसे में टीम इंडिया तीन स्पिनर शामिल कर सकती है। इसमें अनुभवी रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल का खेलना तय है जबकि रवींद्र जडेजा ऑलराउंडर की भूमिका निभाएंगे। तेज गेंदबाजों की बात करें तो भारत के पास इशांत शर्मा और मोहम्मद सिराज होंगे, जिनके निश्चित रूप से अंतिम ग्यारह में शामिल होने की उम्मीद है। मैच के दिन की स्थिति तय करेगी कि रहाणे तीन तेज गेंदबाजों के साथ जाना चाहते हैं या तीन स्पिनरों के साथ। अगर वह तीन स्पिनरों के साथ जाना चाहते हैं तो अक्षर पटेल टीम का हिस्सा होंगे। वहीं अगर पिच और हालात तेज गेंदबाजों का समर्थन करती हैं, तो उमेश यादव तीसरे तेज गेंदबाज होंगे। बल्लेबाजी विभाग में शुभमन गिल के मयंक अग्रवाल के साथ ओपनिंग करने की उम्मीद है, जबकि चेतेश्वर पुजारा नंबर 3 की भूमिका में होंगे।इसके बाद श्रेयस अय्यर नंबर 4 पर, अजिंक्य रहाणे नंबर 5 पर और ऋद्धिमान साहा नंबर 6 पर विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में होंगे।

## वन-टू-वन

### राहुल की जगह सूर्यकुमार शामिल




**कानपुर।** न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरु हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए चोटिल बल्लेबाज लोकेश राहुल की जगह पर सूर्यकुमार यादव को शामिल किया गया है। राहुल मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दो टेस्ट मैचों की इस श्रृंखला से बाहर हो गये हैं। उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ कोलकाता में खेले गए तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में यह चोट लगी थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि राहुल की बायीं जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव है और इसी कारण वह न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेलेंगे। उन्हें आगामी अब दक्षिण अफ्रीका से पहले फिटनेस हासिल करने के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन के लिए भेजा जाएगा। वह टीम के शुरुआती अभ्यास सत्र में भी शामिल नहीं हुए थे जबकि इसमें टीम के अन्य सभी खिलाड़ियों ने भाग लिया था। राहुल ने भारत की ओर से 40 टेस्ट मैच खेले हैं। इस 29 साल के बल्लेबाज ने इस दौरान 35.16 की औसत से 2321 रन बनाये हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 199 रन का है, जो उन्होंने चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ 2016 में बनाया था। राहुल के बाहर होने के साथ ही यह तय हो गया था कि श्रेयस अय्यर या सूर्यकुमार में से किसी एक को मध्यक्रम में बल्लेबाजी का अवसर मिलेगा और इसमें सूर्यकुमार ने बाजी मार ली। वहीं पहले शुभमन को मध्य क्रम में बल्लेबाजी के लिए उतारे जाने की उम्मीद थी पर अब राहुल के नहीं होने से वह पारी की शुरुआत करेंगे।

### विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन करेगी पाक हॉकी टीम : राणा

**भुवनेश्वर।** पाकिस्तान जूनियर हॉकी टीम के कप्तान अब्दुल राणा ने कहा है कि उनकी टीम बुधवार से यहां शुरु हो रही जूनियर विश्व कप विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करेगी। अब्दुल ने कहा कि हमारी सरकार और महासंघ के सीनियर अधिकारी काफी प्रयास कर रहे हैं। इससे हमें भरोसा है कि अगले एक दो साल में पाकिस्तानी हॉकी बेहतर होकर उभरेगी गी। उसी प्रकार इस टूर्नामेंट में भी हमारी टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। राणा के अनुसार पाकिस्तान हॉकी में बदलाव आना तया है। टीम एकजुट होकर खेल रही है। पाक टीम इस बार अपने खेल से सबका ध्यान खींचेगी। टीम के कोच दानिश कलीम भी कप्तान से सहमत नजर आये। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में हॉकी का नुकसान इसलिए हुआ है क्योंकि खिलाड़ियों को काम नहीं मिलता पर अब सीनियर और जूनियर टीमों की तैयारी शुरू हो गयी है। शीर्ष अधिकारी काफी पेशेवर है जो टीम को तैयार कर रहे हैं और अगले तीन साल में बेहतर परिणाम सामने आने लगेंगे। विभाग में उतनी नौकरियां नहीं है जिससे युवा हॉकी खेलने से दूर हो रहे हैं।

### स्टार हेल्थ का आईपीओ 30 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** स्टार हेल्थ एंड अलाइड इन्श्योरेंस कंपनी का 7,249 करोड़ रुपए का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 30 नवंबर को खुलेगा। कंपनी ने कहा कि उसने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 870 से 900 रुपए प्रति शेयर रखा है। कंपनी ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाला आईपीओ दो दिसंबर को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली 29 नवंबर को खुलेगी। आईपीओ के तहत 2,000 करोड़ रुपए के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा प्रवर्तक तथा मौजूदा शेयरधारक 58,324,225 शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) करेंगे। ओएफएस के तहत शेयरों की पेशकश करने वाले प्रवर्तकों और प्रवर्तक समूह में सेफक्रॉप इन्वेस्टमेंट्स इंडिया एलएलपी, कोणार्क ट्रस्ट, एमएमपीएल ट्रस्ट शामिल है। वही मौजूदा निवेशक के तौर पर एपिस ग्रोथ 6 लिमिटेड, एमआईओ आईवी स्टार, नोट्रे डेम डू लैक विश्वविद्यालय, मियो स्टार, आरओसी कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड, वेंकटसामी जगन्नाथन, साई सतीश और बर्जिस मीनू देसाई अपने शेयरों की पेशकश करेंगे। स्टार हेल्थ के इस आईपीओ में कर्मचारियों के लिए 100 करोड़ रुपए के शेयरों का आरक्षण शामिल है। कंपनी को शुरुआती शेयर बिक्री से 7,249.18 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। स्टार हेल्थ दरअसल वेस्टब्रिज कैपिटल और राकेश झुनझुनवाला जैसे निवेशकों के एक संघ के स्वामित्व वाली प्रमुख निजी स्वास्थ्य बीमा कंपनी है।

### पेटीएम की खराब लिस्टिंग का असर, आईपीओ टाल सकती है मोबी[[ क

**मुंबई।** गुड़गांव मुख्यालय वाली फिनटेक स्टार्ट-अप मोबीक्विक अपने आईपीओ योजना को अगले कुछ महीनों के लिए टाल सकती है।दरअसल पेटीएम के आईपीओ की खराब लिस्टिंग के बाद बिगड़े माहौल, कंपनी के बिजनेस मॉडल को लेकर कई तरह के सवाल, निवेशकों की दिचलस्पी को लेकर आशंका और आरबीआई की तरफ से जारी डिजिटिल लेंडिंग पेपर को देखकर मोबीक्विक यह फैसला ले सकती है। मोबीक्विक को पेटीएम की एक छोटी राइवल के तौर पर देखा जाता है। कंपनी ने जुलाई में 1,900 करोड़ का आईपीओ लाने के लिए मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास डॉक्यूमेंट जमा कराए थे।कागजों के मुताबिक मोबीक्विक के आईपीओ में 1500 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू और 400 करोड़ रुपये का ऑफर-फॉर-सेल शामिल था। सेबी ने बीते 7 अक्टूबर को कंपनी को आईपीओ लाने की मंजूरी दी थी। सूत्र ने बताया, पहले दिवाली तक आईपीओ को लाने की योजना थी।फिर कंपनी ने यह देखने का इंतजार किया कि पेटीएम को कैसी प्रतिक्रिया मिलती है।

# भारतीय क्रिकेट टीम के डाइट प्लान में बीसीसीआई की कोई भूमिका नहीं : धूमल

### हलाल मीट पर उठा था विवाद



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने कहा है कि भारतीय टीम के डाइट प्लान (आहार योजना) को तैयार करने में बोर्ड की कोई भूमिका नहीं है और खिलाड़ियों को अपनी पसंद का खाना खाने की पूरी आजादी है। बीसीसीआई ने यह बात कानपुर टेस्ट के लिए टीम की नई आहार योजना पर उठे विवाद पर कही है। इससे पहले कहा जा रहा था कि न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में बोर्ड ने अपनी नई आहार योजना के तहत सूअर का मांस या बीफ न खाने की सलाह दी है। साथ ही कहा था कि खिलाड़ी हलाल मीट का ही सेवन करते हैं। इसने सोशल मीडिया पर बवाल हो गया था और प्रशंसकों ने खिलाड़ियों के खाने के विकल्प को तय करने के लिए बीसीसीआई की आलोचना की थी। इसके साथ ही कुछ प्रशंसकों ने हलाल मांस को बढ़ावा देने के लिए बोर्ड की कड़ी आलोचना भी की थी।

वहीं इस हंगामे के बाद अब धूमल ने कहा, इस प्रकार की आहार योजना पर कभी कोई बात नहीं हुई और न ही इसे लागू किया जाएगा। मुझे नहीं पता कि यह फैसला कब लिया गया था या नहीं जहां तक ??मेरी जानकारी है, हमने कभी भी आहार योजना से जुड़ी कोई गाइडलाइन जारी नहीं की थी। जहां तक खाने की बात है तो यह खिलाड़ियों की व्यक्तिगत पसंद है, इसमें बीसीसीआई की कोई भूमिका नहीं है।

उन्होंने साथ ही कहा कि 'हलाल' की यह बात किसी समय किसी खिलाड़ी के फीडबैक के आधार पर हुई होगी। जैसे यदि कोई खिलाड़ी कहता है कि वह बीफ नहीं खाता है और यदि कोई विदेशी टीम आती है तो मांग उठती है कि भोजन को नहीं मिलाना चाहिए। इस हलाल मुद्दे को कभी भी बीसीसीआई के ध्यान में नहीं लाया गया। बीसीसीआई अपने किसी भी खिलाड़ी को यह सलाह नहीं देता है कि क्या खाना चाहिए और क्या नहीं। खिलाड़ी अपना भोजन स्वयं चुनने के लिए स्वतंत्र हैं। वे शाकाहारी बनना चाहते हैं, यह उनकी पसंद है, वे वीगन बनना चाहते हैं, यह उनकी पसंद है, वे मांसाहारी बनना चाहते हैं, यह उनकी पसंद है। आहार योजना साझा करना कोई नई बात नहीं है। मैच से पहले टीमें अक्सर ऐसा करती हैं।

# द्रविड़ के ड्रेसिंग रूम में रहने से सीखने को मिलेगा: पुजारा



**कानपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम के उपकप्तान चेतेश्वर पुजारा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरु हो रही टेस्ट सीरीज से पहले मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की जमकर प्रशंसा की है। पुजारा ने कहा कि द्रविड़ की ड्रेसिंग रूम में मौजूदगी से युवा खिलाड़ियों के साथ ही अनुभवी खिलाड़ियों को भी लाभ होगा। विशेषकर उन खिलाड़ियों को जिन्होंने द्रविड़ की देखरेख में ही अंडर-19 या इंडिया-ए टीम की ओर से खेला है।

पुजारा ने टीम के अभ्यास सत्र से पहले कहा, मैंने द्रविड़ के साथ ए सीरीज के दौरान काम किया है, इसलिए हम सभी उनके मार्गदर्शन का इंतजार कर रहे हैं। एक खिलाड़ी और टीम के कोच के रूप में उनके पास जितना अनुभव है, उससे काफी सहायता मिलती है। पुजारा ने माना कि वह पिछले तीन साल से शतक नहीं लगा पाये हैं पर इससे निराश नहीं है क्योंकि अगर उनकी 80 या 90 रन की पारी से टीम को लाभ होता है और वह जीतती है तो किसी को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिये। इस बल्लेबाज ने माना है कि इंग्लैंड दौरे पर धीमी बल्लेबाजी के लिए आलोचना झेलने के बाद वह अधिक निडर हुए हैं। इससे उन्हें आक्रामक बल्लेबाजी करने में सहायता की है। साथ ही कहा कि उनकी तकनीक में कोई अंतर नहीं आया है केवल उनका रुख बदला है। पुजारा ने आगे कहा कि आपको अपने आप पर बहुत अधिक दबाव डालने की आवश्यकता नहीं है और बस कोशिश करें और वहां जाएं और खेल का आनंद लें, बजाय इसके कि क्या हो रहा है। पुजारा कानपुर टेस्ट के लिए उप-कप्तान के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारी को बोझ नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त जिम्मेदारी अच्छी हो सकती है और इससे लाभ भी होता है।

## क्रिप्टों पर प्रतिबंध लगाकर आरबीआई लाएगा अपना बिटकॉइन

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) देश में अपनी डिजिटल करेंसी लाने पर विचार कर रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि आरबीआई दिसंबर तक अपने डिजिटल करेंसी के लिए पायलट प्रोजेक्ट लांच कर सकता है। आरबीआई चरणबद्ध तरीके से देश में डिजिटल




करेंसी लाने पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आरबीआई सेंट्रल बैंक की डिजिटल करेंसी को लेकर बहुत सचेत है। यह इसका नया प्रोडक्ट है और इसमें किसी तरह की गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं छोड़ी जा सकती। दुनिया भर में क्रिप्टोकरेंसी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और भारत में भी इसके निवेशकों की संख्या लाखों में पहुंच गई है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल में ही साल 2018 के आरबीआई के एक सर्कुलर को खारिज कर दिया था। इसमें आरबीआई ने बैंक और वित्तीय संस्थाओं पर क्रिप्टोकरेंसी में डील करने या उसके लिए फाइनेंस उपलब्ध कराने से बैन लगा दिया था। भारतीय रिजर्व बैंक का सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) एक लीगल टेंडर होगा। सीबीडीसी के पीछे भारत के केंद्रीय बैंक का बैकअप होगा। यह आम मुद्रा की तरह ही होगा, लेकिन डिजिटल फॉर्मेट में होगा। जैसे लोग सामान या सेवाओं के बदले करेंसी देते हैं, उसी तरह सीबीसीडी से भी आप लेनदेन कर सकेंगे। करेंसी नोट की तुलना में इसमें एक अंतर सिर्फ यह होगा कि यह डिजिटल फॉर्मेट में होगा। यह भी कहा जा रहा है कि डिजिटल करेंसी लाने का आइडिया नया नहीं है। हाल में ही कई विशेषज्ञों ने कहा है कि सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी का आइडिया अमेरिकन अर्थशास्त्री और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित जेम्स टोबिन से लिया गया है। उन्होंने साल 1980 में पेमेंट करने के डिजिटल फॉर्मट का प्रस्ताव किया था।

# बिकवाली से टूटा बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ बंद

**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट रही। बाजार में यह गिरावट कारोबार के आखिरी घंटे में हुई भारी बिकवाली के कारण आई है। दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस, रिलायंस और एचडीएफसी के शेयरों को हुए नुकसान से बाजार टूटा है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 323.34 अंक करीब 0.55 फीसदी की गिरावट के साथ 58,340.99 अंक पर बंद हुआ हालांकि कारोबार के दौरान यह अधिकतर समय बढ़त पर था पर अंत में हुई बिकवाली से नीचे आने लगा। वहीं पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 88.30 अंक तकरीबन 0.5 फीसदी की गिरावट के साथ ही 17,415.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में मारुति, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, आईटीसी, रिलायंस, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी के शेयर सबसे ज्यादा 2.62 फीसदी तक गिरे हैं जबकि दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, कोटक बैंक, बजाज फाइनेंस और पावरग्रिड के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये हैं। शेयर बाजार में उपलब्ध आंकड़े के अनुसार विदेशी




संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस शुद्ध रूप से 4,477.06 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की तेज शुरुआत हुई। दूरसंचार, पावर और एनर्जी के शेयरों में वृद्धि से सेंसेक्स और निफ्टी में शुरूआती कारोबार के दौरान बढ़ोतरी दर्ज की गई। बीएसई का सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 58,852.22 पर पहुंच गया और एनएसई का निफ्टी भी 17,563.20 पर रहा। सेंसेक्स में भारती एयरटेल, पावरग्रिड, एनटीपीसी, सन फार्मा और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर लाभ में रहे। इनमें 2.04 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। वही दूसरी तरफ बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, मारुति, एशियन पेंट्स और इंफोसिस के शेयरों में शुरूआती कारोबार के दौरान गिरावट दर्ज की गई।

# फोल्डेबल स्मार्टफोन लांच करने की तैयारी

**बीजिंग।** स्मार्टफोन कंपनी वनप्लस की ओर से फोल्डेबल स्मार्टफोन लांच करने की तैयारी है।हालांकि फोन सैंमसंग के फोल्डेबल स्मार्टफोन से अलग होगा। दरअसल अभी तक मार्केट में इसतरह के फोल्डेबल स्मार्टफोन मौजूद हैं, जिन्हें सिंगल बार ही फोल्ड किया जा सकता है। लेकिन वनप्लस ट्राई-फोल्डेबल स्मार्टफोन लेकर आ रहा है। जैसा कि



मालूम है कि वनप्लस के इस फोन को तीन बार फोल्ड किया जा सकेगा। वनप्लस के ट्राई-फोल्डेबल स्मार्टफोन को फोल्ड करने के लिए दो हिंज दी जाएंगी। जिस एक हैंडी स्लाइडर से लॉक किया जा सकेगा। हाल ही में वनप्लस के फोल्डेबल स्मार्टफोन को हाल ही में सामने आया है। जिसमें तीन डिस्प्ले दी गई हैं।रिपोर्ट के मुताबिक वनप्लस के ट्राई-फोल्डेबल स्मार्टफोन के पेटेंट को चीन में साल 2020 में फाइल किया गया था। हालांकि इस इसी साल जुलाई 2021 में पब्लिश किया गया था। वनप्लस के पेटेंट को वर्ल्ड इंलैक्चुअल प्रॉपर्टी ऑफिस (डब्ल्यूआईपीओ) में दर्ज कराया गया ह। रिपोर्ट के मुताबिक डिवाइस को तीन अलग-अलग तरह से फोल्ड किया जा सकता है। इसमें यूजर्स को डिवाइस में एप्लीकेशन को बांटने का ऑप्शन दिया गया है। साथ ही नए पेटेंट में रोटेटिंग टर्निंग प्लेट का ऑप्शन दिया गया है, जो यूजर्स को डिवाइस को ट्राईएंगल फोल्ड में विभाजित करती है। प्लस की तरफ से वनप्लस 8, वनप्लस 8 प्रो, वनप्लस 8टी की टेस्टिंग के लिए टेस्टर की नियुक्ति शुरू कर दी गई है। यह एंड्राइड 12-बेस्ड ऑक्सीजन 12 बीटा पर काम कर रहा है। हालांकि जल्द ही बीटा टेस्टिंग को बंद कर दिया जाएगा, जहां यूजर्स के लिए नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट की जरूरत होगी। वनप्लन 8टी के लिए करीब 200 लोगों को बुलाया गया है। जबकि वनप्लस 8 और वनप्लस 8 प्रो के लिए 200 लोगों इनवाइट किया गया। इन सभी पार्टिसिपेंट के लिए वनप्लस के साथ एडीए (नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट) साइअप करना होगा। वनप्लस की तरफ से बेस्ट परफॉर्मर के लिए गिफ्ट का ऐलान किया गया है। कंपनी जल्द ही वनप्लस 8, वनप्लस 8 प्रो और वनप्लस 8टी प्रो का ओपल बीटा प्रोग्राम शुरू किया जा सकता है।

### क्रिप्टो में रिकवरी, बिटकॉइन निचले स्तर से 7 लाख रुपए चढ़ा

**मुंबई।** तेज गिरावट के बाद अब भारत में क्रिप्टोकरेंसी ने रिकवर करना शुरू कर दिया है। बिट कॉइन की कीमतें अब निचले स्तर से करीब 7 लाख रुपए रिकवर कर गई हैं लेकिन यह अब भी अंतर राष्ट्रीय बाजार के मुकाबले 10 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा है। वजीर एक्स पर बिटकॉइन की कीमत 40 लाख से ऊपर चल रही है जबकि इस से पहले यह 33 लाख 50 हजार तक लुढ़क गया था। अन्य क्रिप्टोकरेंसी में भी अब रिकवरी देखी जा रही है हालांकि निचले स्तर पर इस में खरीददारी हो रही है लेकिन अभी फिलहाल इसके भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

## टमाटर कई राज्यों में 120 रुपए किलो

**नई दिल्ली।** देश में कुछ शहरों में टमाटर की खुदरा कीमतें 80 रुपए किलो के आसपास चल रही हैं, लेकिन सरकारी आंकड़ों के अनुसार व्यापक बारिश के कारण कुछ दक्षिणी राज्यों में इसका खुदरा



भाव 120 रुकि ?किलो तक पहुंच गया है। चेन्नई में टमाटर का खुदरा भाव 100 रुपए प्रति किलो, पुडुचेरी में 90 रुपए प्रति किलो, बेंगलुरु में 88 रुपए प्रति किलो और हैदराबाद में 65 रुपए प्रति किलो हो गया है। केरल में टमाटर की खुदरा कीमतें कोट्टायम में 120 रुपए किलो, एर्नाकुलम में 110 रुपए किलो, तिरुवनंतपुरम में 103 रुपए प्रति किलो, पलक्कड़ में 100 रुपए किलो, त्रिशूर में 97 रुपए किलो तथा वायनाड और कोझीकोड में 90 रुपए किलो चल रही हैं। कर्नाटक में टमाटर का खुदरा भाव धारवाड़ में 85 रुपए, मैसूर में 84 रुपए, मेंगलूर में 80 रुपए और बेल्लारी में 78 रुपए किलो है। आंध्र प्रदेश के विजावाड़ा में 91 रुपए किलो, विशाखापत्तनम में 80 रुपए और तिरुपति में 75 रुपए किलो पहुंच गई हैं। तमिलनाडु के रामनाथपुरम में 119 रुपए किलो, तिरुनेलवेली में 103 रुपए, तिरुचिरापल्ली में 97 रुपए, कुड्डालोर में 94 रुपए और कोयंबटूर में 90 रुपए किलो बिक रहा है। हालांकि उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के 167 केंद्रों के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में टमाटर 72 रुपए किलोग्राम के भाव बिक रहा है। आंकड़ों के अनुसार टमाटर की खुदरा कीमतों में अक्टूबर की शुरुआत से वृद्धि शुरू हुई और नवंबर में यह उच्चस्तर पर बनी हुई हैं।

# सिक्योरिटी गार्ड से बंदूक लूटी, ड्यूटी से लौट रहे गार्ड के सिर पर डंडा मारकर किया हमला

### गार्ड को घायल कर लोडिड बंदूक लूट ले गए बदमाश, पुलिस ने मामले की जांच में जुटी

**भिण्ड।** शहर में बदमाश बेखौफ हो चुके है। मंगलवार की रात भिंड शहर के बीचोंबीच एक निजी सिक्योरिटी गार्ड ड्यूटी से वापस साइकिल पर सवार होकर लौट रहा थाए तभी पीछे से आए बदमाशों ने डंडा मार कर घायल कर दिया और बंदूक लूटकर फरार हो गए। इस घटना की सूचना के बाद देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल गार्ड को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत सीरियस बनी हुई है। गार्ड को उपचार के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है। देहात थाना पुलिस के मुताबिक रंजना नगर में रहने वाले प्रदीप शर्मा पुत्र रामेश्वर दयाल शर्मा 17 बटालियन के पास शिवम मोटर्स पर गार्ड की नौकरी करते है। मंगलवार की रात हर रोज की तरह शिवम मोटर्स के मालिक विनोद शिवहर के साथ चार पहिया वाहन से गल्ला मंडी स्थित निवास पर छोडाए वहां से अपनी साइकिल पर सवार होकर बताश बाजार, पुरानी बस्ती होते हुए वीरेंद्र वाटिका होते हुए मरघट के रास्ते से जगराम नगर होकर रंजना नगर के लिए जा रहे थे। जगराम नगर में कटारे कोठी के पास पीछे से दो बाइक आई। गार्ड प्रदीप ने दोनों बाइकों को निकलने के लिए अपनी साइकिल को साइड से करके चलाते हुए जा रहे थे। तभी बाइक जैसे ही साइकिल के नजदीक आई तभी जोर से सिर पर डंडा मारा। सिर में डंडा लगते ही साइकिल सवार गार्ड प्रदीप जमीन पर गिर पड़ा और बदमाश बंदूक लूट कर भाग गए। दोनों बाइकों पर चार लोग सवार थे। अंधेरा होने की वजह से गार्ड ज्यादा कुछ देख नहीं सका। इसके बाद स्थानीय लोगों को वारदात की सूचना दी। मौके पर आई पुलिस ने घायल गार्ड को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने ग्वालियर उपचार कराने की सलाह दी है।

### पुलिस सर्चिंग के बीच लूट की दूसरी वारदात

मंगलवार की शाम दो वारदातें हुई है। दोनों वारदातों के बीच 4 घंटे का अंतर है। पहली वारदात मधु मिश्रा का पर्स लूट की है। वो अपने मायके आई हुई थी। महिला के साथ पर्स लूट की वारदात मंगलवार शाम सवा 4 बजे के आसपास की है। दूसरी वारदात रात्रि 8.20 की बताई गई है। सबसे खास बात यह है कि पर्स लूट की वारदात के बाद काली पल्सर सवार बदमाशों की तलाश में शहर के देहात व कोतवाली थाना पुलिस सर्तक थी। चौराहों पर सर्चिंग चल रही थीए तभी लूट की दूसरी वारदात हुई है। देहात थाना पुलिस बंदूक लूट की वारदात को लेकर लकीर पीटती नजर आ रही है।

### मुझे लगा गोली मार दी

गार्ड प्रदीप शर्मा ने समाचार पत्र को बताया कि मैं जब लौट कर आ रहा थाए तभी डंडा मारकर हमला किया गया। मुझे ऐसा लगा कि मेरे गोली मार दी। घायल अवस्था में मैंनेए जगराम नगर के लोगों के गेट खुलवाए और उन्हें बताया कि मुझे गोली मारकर बंदूक लूट ले गए। गार्ड का कहना है कि बंदूक के चैम्बर में तीन कारतूस लोड है। जबकि बट में 8 कारतूस थे।

## खनिज विभाग में चलाया चेंकिंग अभियान, ट्रक-डंपर चालक वाहन छोड़कर भागे



**भिण्ड।** विगत देर रात खनिज विभाग ने चेकिंग अभियान चलाया। इस चेकिंग अभियान में ओवर लोड बिना रॉयल्टी के वाहनों की पकड़ा धकड़ी की गई। इस अभियान के दौरान रेत को ढोने वाले दो डंपरों के चालक, वाहन छोड़कर भाग गए। इन वाहनों को कोतवाली थाने में जब्त कराया गया। इस कार्रवाई में सबसे ज्यादा चौकाने वाली बात यह सामने आई है कि एक डंपर को खनिज विभाग ने पकड़ा उसकी रॉयल्टी रसीद एक घंटे बाद काट दी गई। खनिज विभाग के अफसर इस मामले की पड़ताल किए जाने की बात कहते नजर आ रहे हैं। खनिज अफसर राकेश देशमुख समेत अन्य अफसरों ने मंगलवार की रात कोतवाली के पास चेकिंग प्वाइंट लगाया। यहां ओवर लोड व बिना रॉयल्टी के वाहनों की चेकिंग शुरू की गई। इस दौरान दो डंपर चालकों ने माइनिंग की चेकिंग देख वे वाहन छोड़कर भाग निकले। खनिज अफसर देशमुख के मुताबिक देर रात तक इन ट्रकों के मालिक व चालक नहीं आए। इसके बाद इन दोनों ट्रकों को कोतवाली पुलिस की जब्ती में दिए गए। इसके बाद मीडिया के सामने डंपर क्रमांक 07 एचबी 4961 की रॉयल्टी रसीद आई। यह रॉयल्टी 23 नवंबर 21 को समय 21:32 बजे की है जोकि आगामी 24 नवंबर की शाम 16:55 तक के लिए है। यह रॉयल्टी रसीद गोहद के गुरीखा स्टोक ऑफिस से काटी गई है। रॉयल्टी रसीद को लेकर खनिज अफसरों का कहना है कि अब तक मेरे सामने कोई भी रॉयल्टी रसीद लेकर नहीं आया। रसीद की कॉपी मिलने के बाद पड़ताल की जाएगी।

## स्वयंसेवक जोड रहे नवमतदाताओं का मतदाता सूची में नाम, प्राचार्य ने पत्नी का जुडवाया नाम

**भिण्ड।** मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्ति पुनरीक्षण 2022 के अन्तअर्गत शासकीय एमजेएस महाविध्यायलय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 02 के स्वयंसेवको एवं पूर्व स्वयंसेवको के द्वारा ऐसे विध्यार्थियों के वोटर कार्ड बनवाने का कार्य किया रहा है। इसी क्रम



में शासकीय एमजेएस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनूप श्रीवास्तव ने रासेयो कक्ष पहुंचकर अपनी धर्मपत्नी का नाम मतदाता सूची मे जुडवाने हेतु आवेदन पत्र भर कर छात्रों को सौंपा। उक्त कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 02 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आर.ए.शर्मा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हो किया जा रहा है। श्री शर्मा ने बताया की मतदाता में नाम जुडवायें साथ ही लोकतंत्र में अपनी अमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करें। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्ते पुनरीक्षण 2022 के अन्तमर्गत शासकीय एमजेएस महाविध्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 02 के स्वयंसेवको एवं पूर्व स्वयंसेवको के द्वारा ऐसे विध्याकर्थियों के वोटर कार्ड बनवायें जा रहे है जिनकी आयु 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो, साथ ऐसे अपंजीकृत युवा जिनका किसी कारणवश मतदाता सूची ने नाम दर्ज नही हो सका हो। ऐसे सभी विध्यार्थी ऑफलाइन फार्म 06 भर कर अपना नाम मतदाता सूची मे नाम जुडवायें तथा ऑनलाइन माध्यहम से नेशनल वोटर्स पोर्टल पर लॉगऑन कर आवेदन कर सकते है। साथ ही शासकीय एमजेएस स्ना महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 02 कैमिस्ट्री गैलरी के अंतिम कक्ष में सम्पर्क कर सकते है। इस कार्य को मुख्य रूप से पूर्व वरिष्ठ स्वयंसेवक सौरव खंडेलवाल, वरिष्ट स्वयंसेवक राहुल राजपूत, शिवम गजरौलिया के द्वारा किया जा रहा है।

## नैनो न्यूज



### रासलीला में प्रसंग द्रोपदी चीरहरण कथा का हुआ आयोजन

**भिण्ड।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंदूपुरा में काली माता के मंदिर प्रांगण में भगवान रासविहारी सरकार की भव्य रासलीला कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है जिसमें बुधवार को प्रसंग द्रोपदी चीरहरण कथा को बहुत ही भव्यता के साथ दर्शाया गया, जिसमें दूर-दूर से पधारे श्रद्धालुओं ने रासलीला कथा रसपान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे।

### वृद्ध महिला फांसी पर झूली, मायके पक्ष ने लगाया दहेज का आरोप

**भिण्ड।** अटेर थाना क्षेत्रान्तर्गत एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, जिस मामले में मायके पक्ष ने दहेज का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज करायी तो पुलिस ने जांच उपरांत मामले में मर्ग कायम कर ससुराल पक्ष के विरुद्ध धारा 304बी, 498ए, 34 भादवि 3/4 दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सरवती देवी पत्नी रामभरोसे जाटव उम्र 80 वर्ष निवासी दुल्हागन थाना फूप ने विगत 7 नवम्बर सुबह 6 बजे फांसी पर झूलकर आत्महत्या कर ली थी पुलिस ने मामले में जांच उपरांत तहसीलदारसिंह, लाला सिंह बघेल, कस्तूरी पत्नी अतिराजसिंह निवासी रोहंडा बघेलन का पुरा के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**भिण्ड।** सुरपुरा थाना क्षेत्र के फूप-अटेर रोड पर एक महिला पैदल जा रही थी, इसी दौरान एक अज्ञात वाहन चालक ने तेज व लापरवाही से चलाकर महिला को घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार वार्डवॉय संतराम जिला चिकित्सालय भिण्ड ने बताया सोमवार दोपहर 3 बजे एक महिला घायल हो गई थी, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### बबूल का पेड काटने को लेकर युवक की मारपीट

**भिण्ड।** मौ थाना क्षेत्र के इटायदा के पास बबूल का पेड काटने को लेकर जब एक युवक ने रोका तो उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम 7 बजे राजवीरसिंह पुत्र रामप्रकाश सिंह गुर्जर उम्र 45 वर्ष निवासी इटायदा ने बताया उसी गांव निवासी परमालसिंह पुत्र निहाल सिंह गुर्जर बबूल का पेड काटने को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

## अटल प्रोग्रेस-वे परियोजना में शामिल होने से शा.मा.वि. चोम्हो में जमीन अधिग्रहण के संबंध में किसानों की बैठक ली

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने अटल प्रोग्रेस-वे के भारतमाला परियोजना में शामिल होने से शामावि चौम्हो में जमीन अधिग्रहण के संबंध में किसानो की बैठक ली। उन्होंने जिन कृषकों की भूमि का अधिग्रहण हुआ है ऐसे कितने कृषक हैं, सर्वे नंबर एवं खाते के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नक्शे के माध्यम से निजी, शासकीय भूमि एवं बीहड़ वाले क्षेत्र को देखा। साथ ही कृषकों को उनकी अधिग्रहित भूमि के स्थान पर भूमि का आवंटन कहां किया गया है के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने कहा कि अगर आप अपने गांव के अलावा भिण्ड या अन्य किसी गांव में जो शासकीय भूमि है वो चाहते हैं या आपकी जो भी परेशानी, आपत्ति है तो आप एक पत्र द्वारा लिखकर दे सकते हैं। हम आपकी परेशानियों से शासन को अवगत कराएंगे और हर संभव प्रयास करेंगे। कलेक्टर ने ग्रामीणजनों से चर्चा कर कहा कि अटल प्रोग्रेस-वे शासन की योजना है और भिण्ड के साथ साथ मुरैना, श्योपुर में यह योजना है। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग द्वारा अटल प्रोग्रेस-वे के पास लॉजिस्टिक हब के लिए भूमि चिन्हित करने को कहा गया है। लॉजिस्टिक हब से केवल रोजगार के द्वार ही नहीं खुलेंगे बल्कि क्षेत्र में इस प्रोजेक्ट के हिसाब से सड़क, बिजली व पानी की व्यवस्था भी होगी। जब ये तीन मूलभूत चीजें यहां उच्च श्रेणी की उपलब्ध होंगी तो लोगों का रहन सहन सुधरेगा। उन्होंने कहा कि अटल प्रोग्रेस-वे बनने से इस क्षेत्र में पानी, बिजली की सुविधा विकसित होगी साथ ही अटल प्रोग्रेस-वे बनने से इस क्षेत्र के निवासी जो कि किसी दूसरे जिले या राज्य में नौकरी या व्यवसाय करते हैं और आप सभी के रिश्तेदार आसानी से कम समय में आपके संपर्क में आएंगे। विभिन्न विभागों के माध्यम से कृषि, उद्यानिकी, एनआरएलएम, मछली पालन, सहकारिता, पशुपालन की सुविधाएं प्राप्त होंगी। इस दौरान एसडीएम भिण्ड-अटेर उदय सिंह सिकरवार सहित अन्य अधिकारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## भिण्ड के विकास का सुंदर चित्रण में चित्त में बसा: संजीव सिंह



**भिण्ड।** शहर की बढ़ती आवादी व नगरीय निकाय के अंतर्गत सड़कों का चौड़ीकरण तो किया गया लेकिन इस चौड़ीकरण में कई विद्युत ट्रांसफार्मर एवं विद्युत पोल विकास कार्य में रोड़ा बने। जिसे नगरपालिका द्वारा शिफ्ट कराकर सड़क के चौड़ीकरण के साथ-साथ सौन्दर्यीकरण का कार्य किया गया। आपने आज से पांच वर्ष पूर्व की इन्दिरागांधी चौराहा से लेकर सुभाषतिराहे तक की सड़क को देखा होगा और आज की सड़क देख लो आपको स्वयं विकास का बदलाव दिख जायेगा। भिण्ड का विकसित सुंदर चित्रण मेरे चित्त में बस हुआ है धीरे-धीरे वह साकार होता दिख रहा है। यह बात सदर विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने इटावा रोड पर इन्दिरागांधी चौराहा से महाकाल कार वॉशिंग सेंटर 17वीं बटालियन तक विद्युत सौन्दर्यीकरण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही। विधायक श्री कुशवाह ने बताया शाम होते ही जिस प्रकार इन्दिरागांधी चौराहा से सुभाष तिराहे तक डिवाईडर के ऊपर जगमगाती लाईटें दिखती हैं कुछ दिनों बाद आपको इन्दिरागांधी चौराहे से इटावा रोड 17वीं बटालियन तक डिवाईडर पर भी यह जगमगाती रोशनी देखने को मिलेगी। भिण्ड के सौंन्दर्यीकरण में कोई कार्य शेष नहीं बचेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगरपालिका ई हरिबाबू शाक्यवार, इलेक्ट्रिक इंजीनियर मोहित गुप्ता, विकास महातो इंजीनियर सहित कई लोग मौजूद थे।


## द्रोपदी चीर हरण लीला देख महिलाएं हुई भावविभोर



**भिण्ड।** ग्राम चंदू पुरा में काली माता प्रांगण में चल रही श्री महारास लीला में द्रोपदी चीर हरण देख महिलाएं भाव विभोर हो उठी। महारास लीला के चौथे दिन वृंदावन धाम से पधारे कलाकारों ने लीलाओं का मंचन शुरू किया, इसके बाद मंच पर द्रोपदी चीर हरण की लीला प्रस्तुत की गयी। अपने अपमान का बदला लेने के लिए दुर्योधन ने उसका चीर हरण करना शुरू कर दिया। किसी ने द्रोपदी की गुहार नहीं सुनी आखिरकार द्रोपदी ने भगवान श्रीकृष्ण को याद किया। तो भगवान श्रीकृष्ण की उंगली में चोट आ जाने पर जो कपड़ा बांधा था उसी का एहसान चुकाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण साक्षात्कार रूप से वहां उपस्थित हो गये। सभी कौरव दल के लोग द्रोपदी की साड़ी खींचते खींचते हार गये लेकिन द्रोपदी का चीर हरण नहीं हुआ। भगवान श्रीकृष्ण ने भरी सभा में द्रोपदी की लाज बचायी। द्रोपदी चीरहरण कथा को ही भव्यता के साथ दर्शाया गया जिसमें दूर दूर से पधारे श्रद्धालुओं ने रासलीला कथा रसपान किया।

## नगरपालिका मालनपुर में ठेकेदारों का भ्रष्टाचार चरम पर

**भिण्ड।** भिण्ड जिले की नवगठित नगरपालिका परिषद मालनपुर में व्यक्ति विशेष को तबज्जो दी जा रही है। नगरपालिका में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी किसी विशेष ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्यों संजोया जा रहा है जिससे निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। भ्रष्टाचार में मिले कमीशन को नपा कर्मचारियों में बंटरबांट कर दिया जाता है। बता दें कि नगरपालिका मालनपुर जिले में नवगठित नगरपालिका है जिससे वहां जो भी अधिकारी कर्मचारी पदस्थ हैं उन्हें व्यक्ति विशेष द्वारा तरह-तरह के प्रलोभन देकर सांठगांठ कर ली है। नगर वासियों ने द्वारा शिकायती आवेदन पत्र मिला है जिसमें व्यक्ति विशेष ठेकेदार द्वारा एक ही सड़क का दो बार निर्माण कार्य दिखाकर भुगतान करवा लिया गया। वह भी उस सड़क का घटिया क्वालिटी मटेरियल की बनाई गई है। इस सड़क पर बारिश के पानी ने गिट्टी और रेत का अलग-थलग कर लिया। जब सड़क में से गिट्टी निकलने लगी और पानी भरने लगा तब स्थानीय लोगों आंखे खुली और लोगों ने इसकी शिकायत सीएमओ से करनी चाही तो गेट पर कुर्सी डालकर बैठे ठेकेदार ने शिकायतकर्ता मोहल्लेवासियों को बाहर से भगा दिया। सड़क निर्माण में हुए भ्रष्टाचार को लेकर मौहल्लेवासियों ने उसकी जांच करवाकर ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। साथ ही इस भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों को नोटिस देने के लिए कहा।



## बाल विवाह रोकने हेतु जिला एवं खण्ड स्तरीय समितियों का गठन

**भिण्ड ।** सामाजिक कुरीति बाल विवाह के विरोध में वातावरण निर्माण के उद्देष्य से देव उठनी ग्यारस एवं अन्य वैवाहिक शुभ अवसरो को केन्द्रित करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रतिवर्ष जागरूकता अभियान चलाया जाता है। कलेक्टर डॉ सतीष कुमार ने पत्र जारी करते हुए कहा कि इस वर्ष भी होने वाले विवाह, सामूहिक विवाह एवं देव उठनी ग्यारस एवं अन्य वैवाहिक शुभ अवसरो पर बाल विवाह रोकने हेतु एवं बाल विवाह के प्रकरण पाये जाने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार सख्त कानूनी कार्यवाही करते हुए जिला एवं खण्ड स्तरीय समितियों का गठन किया गया है।

कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने जिला स्तरीय मानीटरिंग समिति में अपर कलेक्टर भिण्ड, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिण्ड, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भिण्ड एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास भिण्ड रहेंगे। खण्ड स्तरीय समिति भिण्ड में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भिण्ड, सीएसपी भिण्ड, तहसीलदार भिण्ड, सिविल सर्जन भिण्ड, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भिण्ड, प्र.परियोजना अधिकारी एबावि परि. भिण्ड शहरी, परियोजना अधिकारी एबावि परि.भिण्ड ग्रामीण रहेंगे। इसीप्रकार खण्ड स्तरीय समिति गोहद में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गोहद, एसडीओपी गोहद, तहसीलदार गोहद, खण्ड चिकित्सा अधिकारी गोहद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहद, परियोजना अधिकारी एबावि परि. गोहद, परियोजना अधिकारी एबावि परि.मौ होंगे। खण्ड स्तरीय समिति मेहगांव में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मेहगांव, एसडीओपी मेहगांव, तहसीलदार मेहगांव, खण्ड चिकित्सा अधिकारी मेहगांव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मेहगांव, परियोजना अधिकारी एबावि परि. मेहगांव, प्र.परियोजना अधिकारी एबावि परि. गोरमी रहेंगे। खण्ड स्तरीय समिति अटेर में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अटेर, एसडीओपी अटेर, तहसीलदार अटेर, खण्ड चिकित्सा अधिकारी अटेर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अटेर, परियोजना अधिकारी एबावि परि. अटेर, परियोजना अधिकारी एबावि परि.बरोही होंगे। खण्ड स्तरीय समिति लहार में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लहार, एसडीओपी लहार, तहसीलदार लहार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी लहार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लहार, परियोजना अधिकारी एबावि परि. लहार, एवं खण्ड स्तरीय समिति रौन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लहार, एसडीओपी लहार, तहसीलदार रौन, खण्ड चिकित्सा अधिकारी रौन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रौन, प्र.परियोजना अधिकारी एबावि परि. रौन, रहेंगे। कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने जिला एवं खण्ड स्तरीय समितियों से कहा कि बालक/बालिकाओं की उम्र संबंधी दस्तावेजो का प्रतिपरीक्षण स्कूल की अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, आंगनबाडी केन्द्र के रिकार्ड से किया जाये ।इन दस्तावेजो के अभाव में ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी मेडीकल प्रमाण पत्रों को मान्य किया जाये। अनुविभागीय दण्डाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में विभिन्न समाजो के होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलनो की स्वीकृति वर-वधू की आयु संबंधी दस्तावेजो के सत्यापन उपरांत ही प्रदान करेंगे।

## वोटर हेल्पलाइन एप से करें वोटर आइडी कार्ड डाउनलोड 2021

**भिण्ड ।** इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) द्वारा वोटर हेल्पलाइन एंड्रॉइड ऐप 2021 गूगल प्लेस्टोर पर अब उपलब्ध है। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने एंड्रॉइड और आईओएस उपयोगकर्ताओं के लिए वोटर हेल्पलाइन एंड्रॉइड ऐप लॉन्च किया है। अब लोग मतदाताओं के लिए ऑनलाइन सेवाओं तक पहुंचने के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप (ए.पी.के.) डाउनलोड कर सकते हैं। इसके माध्यम से लोग मतदाता पहचान पत्र डाउनलोड कर सकते हैं, मतदाता सूची में नाम ढूंढ सकते हैं, मतदाता सूची खोज सकते हैं, शिकायत कर सकते हैं और फॉर्म भर सकते हैं। इलेक्टोरल सर्च- यहां लोग अपना नाम मतदाता सूची में सत्यापित कर सकते हैं। वोटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म्स - नए मतदाता पंजीकरण के लिए या एक अलग विधानसभा क्षेत्र में जाने वाले मतदाताओं के लिए, विदेशी मतदाताओं के लिए, मतदाता सूची में विलोपन या आपत्ति, प्रविष्टियों में सुधार और विधानसभा के भीतर स्थानान्तरण के लिए ऑनलाइन फॉर्म जमा करना। कंप्लेंट रजिस्ट्रेशन- चुनावी सेवाओं से संबंधित शिकायतों को दर्ज करना और इसके निपटान की स्थिति को ट्रैक करना। फॉक्स ऑन वोटर, इलेक्शन, ईवीएम एण्ड रिजल्ट्स-उम्मीदवार मतदाता, चुनाव, ईवीएम और परिणामों पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की जांच कर सकते हैं। ऑनलाइन वोटर्स एंड इलेक्टोरल सर्विसेज-मतदाताओं और निर्वाचन अधिकारियों के लिए सेवाएं और संसाधन। इलेक्शन शेड्यूल-अपने क्षेत्र में चुनाव कार्यक्रम खोजें।

## तिवारी हमलावर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने साल 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर कार्रवाई नहीं करने के लिए मनमोहन सरकार पर हमला बोला है। मनीष तिवारी ने अपनी किताब में पूर्व की कांग्रेस सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुंबई हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं करके आपने अपनी कमजोरी को दर्शाया। उन्होंने लिखा कि मनमोहन सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए थी। उन्होंने लिखा कि एक वक्त आता है, जब कार्रवाई शब्दों से ज्यादा बोलती है। 26/11 वह समय था, जब सख्त कार्रवाई होनी चाहिए थी। इतना ही नहीं अपनी किताब में मनीष तिवारी ने मुंबई हमले की तुलना अमेरिका के 9/11 से करते हुए कहा कि भारत को उस समय अमेरिका की तरह ही जवाबी कार्रवाई करनी चाहिए थी। पहले सलमान खुर्शीद और अब मनीष तिवारी का दावा बता रहा है कि कांग्रेस ऊपर से जो भी दावे करे, मगर अंदरखाने में सब ठीक नहीं है। जी-23 से लेकर मनीष तिवारी तक पार्टी के अंदर जो भी बातें की गई, वह आलाकमान की कमजोरी दर्शा रही हैं। इस समय कांग्रेस चौतरफा संकट से घिरी हुई है। उस पर बाहर से तो हमले हो ही रहे हैं, अंदर भी आग लगी हुई है। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और उपाध्यक्ष राहुल गांधी इन हमलों का निशाना बन रहे हैं। दोनों की विश्वसनीयता दांव पर लग गई है। वे राजनीतिक ही नहीं, निजी आरोप भी झेल रहे हैं। बाहर से आक्रमण करने वालों में वे भी शामिल हैं जो कल तक कांग्रेस के अपने थे, जैसे कपिल सिब्बल और मनीष तिवारी आदि। मनीष तिवारी ने अपनी किताब में जो खुलासा किया है, उससे यूपीए सरकार की छवि को धक्का लगा है। आए दिन छोटे-मोटे नेता सोनिया-राहुल के नेतृत्व पर सवाल उठा देते हैं और नसीहत दे डालते हैं। कुछ दिन पहले ही कांग्रेस कार्यसमिति के पूर्व सदस्य और पंजाब के वरिष्ठ नेता जगमीत सिंह बराड़ ने सोनिया-राहुल को दो साल की छुट्टी लेने की सलाह दी थी। हालात यह हैं कि सीनियर लीडर चुप्पी मारे बैठे हैं और राहुल भी बेपरवाह हैं। जबकि पांच राज्यों में चुनाव होने वाले हैं। अगर इनमें पार्टी पिटी तो उसके लिए आगे का रास्ता और कठिन हो जाएगा। वैसे एक बात तो तय है कि कांग्रेस का कायापलट नहीं होने जा रहा। गांधी परिवार से केंद्रीय भूमिका छोडऩे की अपील करना आसान है, लेकिन उनके बगैर पार्टी चलाना अभी के हालात में लगभग नामुमकिन है। कांग्रेस को समझना होगा कि पहले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और फिर लोकसभा चुनाव में उसका मुकाबला भाजपा से होना है। जो कैडर बेस पार्टी है। फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ नेताओं की फौज लिए है। कांग्रेस अगर मोदी सरकार की गलतियों का इंतजार कर रही है, तो यह उसकी भूल है। भाजपा अगर गलती करेगी भी तो उसे ढंक लेगी, मगर अभी कांग्रेस के नेता जिस तरह से बखिया उधेडऩे में लगे हैं, उस पर विराम लगाना होगा। बेहतर होगा कि पार्टी अपनी बुनियादी गलतियां सुधारे और जमीनी शक्ल लेकर खड़ी हो।

# कृत्तिवास रामायण में इन्द्रजीत् द्वारा माया-सीता का वध वृत्तान्त

**डॉ. नरेन्द्रकुमार मेहता**

**(श्रीरामकथा के अल्पज्ञात दुर्लभ प्रसंग)**

**ये पठन्ति सदाऽऽख्यानं भक्त्या श्रृणवन्ति ये नरा~।**
**गंगास्नानाच्छतगुणं तेषां सञ्जायते फलम्।।**
**(वा.रा. मा. 2-73)**

जो लोग सदा भक्तिभाव से रामायण कथा को पढ़ते और सुनते हैं, उन्हें गंगा स्नान से सौ गुना से अधिक पुण्य फल प्राप्त होता है। वाल्मीकीय रामायण से प्रभावित होकर भारत की अनेक प्रादेशिक भाषाओं में श्रीरामकथा किसी न किसी रूप में सुनी, पढ़ी और लिखी गई है। वाल्मीकीय रामायण को आधार बनाकर बंगला भाषा में %कृत्तिवास रामायण' गो. तुलसीदासजी विरचित श्रीरामचरितमानस से लगभग 100 वर्ष पूर्व लिखी गई है। जिस समय कृत्तिवास रामायण की रचना की गई, उस समय संस्कृत भाषा के अनेक विद्वानों-आचार्यों द्वारा उनके इस रचना के कार्य की कटु आलोचना तथा निंदा की। कालान्तर में उसी कृत्तिवास रामायण के महाकाव्य ने बंगाली जनता का हृदय जीत लिया, जिसके फलस्वरूप आज अमीर-गरीब-साधु-सन्त बड़ी श्रद्धा भक्ति के साथ सर्वत्र पारायण करते हैं। बंगला भाषा सरल-मधुर और संस्कृतनिष्ठ है। बंगला भाषा की रचना को एक या दो बार पढ़ने से मूल-काव्य को समझने में आसानी हो जाती है। महाकवि कृत्तिवास की रामायण में मुख्यत~ वाल्मीकीय रामायण, जैमिनीय, अश्वमेघ, अद्भुतरामायण, अध्यात्मरामायण, शिवपुराण और अन्य कई जनश्रुतियों से प्रसंग-उपादान संग्रहीत किए गए हैं।

यह माया सीता-वध प्रसंग कृत्तिवास रामायण के लंकाकाण्ड में वर्णित है जिसका कि अन्य रामायण अथवा श्रीरामकथाओं में प्राय~ उल्लेख नहीं है। मेघनाद श्रीराम से युद्ध में तीन बार सामना कर हताश हो गया तथा इसके बाद लंका में जाकर युद्ध में विजय हेतु कोई उपाय या मुक्ति में संलग्न हो गया। मेघनाद के बड़े सोच-विचार उपरान्त विद्युजिह्व नामक निशाचर को बुलाकर कहा-

**पशिया लंकार मध्ये युक्ति करि सार। विद्युज्जिहव निशाचरे कहे बार-बार**
**शुन बलि विद्युज्जिहव नाना मायाधरि। मन्त्रते गड़िया देह रामेर सुन्दरी**
**जनक-नन्दिनी जे प्रकार रूप धरे। से इरूप सीता निम्माईया देह मोरे**
**माया-सीता काटि आजिरामेर गोचर। पत्नीशोके मरिबेक राम घनर्द्धर**
**अनायासे हइवेक रामेर मरण। रामेर रामे मरणे मरिबेक से लक्ष्मण**
**पलाइवे सुग्रीव से गणिया प्रमाद। बिना युद्धेराम-संगे घुचिबे विवाद**
**कृत्तिवास रामायण लंकाकाण्ड 326**

तुम विभिन्न प्रकार की मायाओं के ज्ञाता हो, तुम मंत्र द्वारा राम की पत्नी सीता को गढ़ (रचनाकर) दो। जनकनन्दिनी का जैसा रूप रंग है उसी प्रकार की सीता का निर्माण मेरे लिए करो। आज मैं राम के सामने माया सीता को काटकर धनुर्धर राम को पत्नीशोक में दुःखी करके मार डालूँगा। इस तरह राम की एकाएक मृत्यु हो जाएगी और राम की मृत्यु से लक्ष्मण भी मर जाएगा। यह सब विपत्ति देखकर सुग्रीव भी युद्ध से भाग खड़ा होगा। बिना युद्ध के ही राम के साथ मेरे सारे विवाद का अन्त भी हो जाएगा। मेघनाद की आज्ञा से विद्युज्जिह्व ने वैसी ही रंग रूप, आकार-प्रकार आदि सहित माया-सीता गढ़ डाली। तत्पश्चात् मंत्र पढ़कर माया सीता में प्राणों का संचार कर दिया। तब विद्युज्जिह्व ने उस माया सीता को पढ़ाया कि श्रीराम तुम्हारे पति हैं और लक्ष्मण देवर हैं, दशरथजी तुम्हारे श्वसुर है तथा जनक तुम्हारे पिता हैं। रावण तुमको बड़ा दुःख पाकर उठा लाया। जब मेघनाद (इन्द्रजीत) तुमको रथ पर चढ़ा लेगा तब तुम राम-राम शब्द करते हुए रोदन करना। माया की सीता लाकर उसने मेघनाद को दे दी। माया की सीता को इन्द्रजीत रथ के एक कोने में बैठाकर लंका के पश्चिमी द्वार पर जा पहुँचा। उसके द्वारा सीता के कोमल अंक पर चाबुक चलाने लगा, जिससे सीता के अंग फट गए और उनमें से रक्त निकलने लगा। सीता मरी-मरी कहकर दहाड़ मार रोने लगी। इसके बाद



इन्द्रजीत ने हाथ में तलवार लेकर माया सीता के बालों के झोंटे को पकड़ लिया। यह सब देखकर हनुमानजी तेज गति से आँसू गिराते इन्द्रजीत की ओर दौड़ पड़े। इन्द्रजीत के रथ पर माया सीता को देखकर हनुमानजी के हाथों में एक बड़ा वृक्ष और पत्थर थे। उसी समय मेघनाद की पुकार कर हनुमानजी ने कहा- अरे तू तो नरक में डूब जा। स्त्री की हत्या परम पाप है- तू तो लम्बी अवधि तक नरक में पड़ा रहेगा। सीता के शरीर पर मांस भी नहीं रह गया था, वह हड्डियों का ढाँचा भर रह गई। इन्द्रजित् ने हनुमानजी से कहा- अरे तू तो दुराचारी पशु है, धर्म के बारे में तुझको भला क्या ज्ञात है। स्त्री के काट डालने पर यदि शोक की अग्नि से जलकर शत्रु मर जाए तो शास्त्र के अनुसार ऐसी स्त्री को काट सकता हूँ। पहले सीता को काट डालूँ तत्पश्चात श्रीराम-लक्ष्मण को काटूँगा। उस समय ही इन्द्रजीत को चारों ओर से घेरने के लिए सारे कपिगण दौड़ पड़े, किन्तु उसके बाणों के समक्ष वे आगे न बढ़ सके। माया सीता रो रही थी। हाय प्रभु रघुनाथ, हाय देवर लक्ष्मण, इस समय एक बार दर्शन दे दो। मैं राम की पत्नी और जनक की नन्दिनी हूँ। आज बुरे समय के कारण राक्षस के हाथ प्राण गँवा रही हूँ। मेरी सास कौशल्या शोक से आँसूओं में डूबी थीं। आते समय मैं उनकी सेवा न कर सकी। यही मेरा अपराध है तथा मैं उसका फल भोग रही हूँ। हे रघुपति, हे पवन-नन्दन हनुमान मेरी रक्षा करो। ऐसा कहकर माया सीता रो रही थी। यह देखकर क्रोधित होकर मेघनाद ने हाथ में तलवार ली तथा उसे उठाकर सीता के अंग पर जोरदार प्रहार कर दिया। शरीर के दो खण्ड होकर सीता भूमि पर गिर गई, यह देखकर सारे वानर हाय-हाय करते हुए भागने लगे। हनुमानजी ने वानरों को कहा कि ऐसा काम करो ताकि इन्द्रजीत का मस्तक भूमि पर लौटने लगे। वानरों के साथ युद्ध में इन्द्रजीत त्रस्त होकर तुरन्त लंका के भीतर पलायन कर गया।

हनुमान ने बुलाकर सारे वानरों से कहा कि सीतादेवी को तो इसने काट दिया है। अब किसके लिए युद्ध करूँ। श्रीराम को यह सारी बातें कहें फिर जैसी उनकी आज्ञा होगी वैसा करेंगे। हनुमानजी के श्रीराम के पास जाने पर उन्होंने देखा कि श्रीराम जाम्बवान से हनुमान द्वारा किए जा रहे युद्ध का वर्णन कर रहे थे। श्रीराम ने जाम्बवान को कहा कि तुम हनुमान की सेना की सहायता करो। उसी समय हनुमान एवं जाम्बवान की रास्ते में भेंट हो गई। हनुमानजी ने जाम्बवान से कहा कि सीताजी को काट दिया गया है अब क्या युद्ध करें। सर्वप्रथम चलकर श्रीरघुनाथजी को यह दुखद समाचार सुनाए तथा जैसा वे कहेंगे वैसा किया जाएगा।

सेना के साथ हनुमान एवं जाम्बवान श्रीराम के पास गए। रोते रोते हनुमान ने कहा हे प्रभु सुनो, इन्द्रजीत ने सबके सम्मुख सीताजी को काट डाला। यह सुनकर श्री रघुनाथजी मूर्च्छित हो गए। सारे वानर तुरन्त पानी भरे कलश ले आए और निर्मल कमल की सुगन्ध से वासित जल श्रीराम के सिर पर डालने लगे। यह सब देखकर लक्ष्मण विलाप करते हुए कहने लगे। हे प्रभु तुम त्रिलोक के नाथ हो, धर्म निकेतन हो, धर्म के कारण तुमने राज्य छोड़ा, वल्कल का वस्त्र धारण किया, फल-मूल का भोजन किया और सिर पर जटाएँ धारण की। एक स्त्री के कारण तुम ऐसा क्लेश पा रहे हो जैसे एक सामान्य गृहस्थ पाता है। यदि राज्य भोगते हुए दिव्य सिंहासन पर आसीन रहते तो दुष्ट रावण सीता को कैसे देख पाता। अपने ही दोष से तुम प्रवासी बने और सीताजी जैसी नारी को जीवन भर के लिए खो दिया। पिता, माता, बन्धु आदि सभी कुछ मिथ्या है, मानों वृक्ष के तले क्षणभर के बटोही हो। यह संसार असार है, छल-कपटों का मेला है। डोर हिलाकर मानों कठपुतलियों का नाच हो रहा है। अनेक प्रकार की विपत्तियों और तरह-तरह के संकट भी आते हैं किन्तु ज्ञानी लोग इन सबके कारण शोकमग्न नहीं होते हैं।

## भावना भी समझें

एक आदमी बस में रोजाना ही यात्रा करता था। वह बस में केले खाता और छिलके को खिड़की से फेंक देता। एक दिन एक भाई ने कहा, भाई! सड़क पर छिलके डालना उचित नहीं है। दूसरे फिसलकर गिर पड़ते हैं। छिलकों को एक ओर डालना चाहिए। उसने कहा, अच्छी बात है। दूसरे दिन की बात है। पूर्व दिन वाले दोनों यात्री एक ही बस में बैठे हुए थे। एक ने केले छीले, खाए और छिलके डाल दिए। सड़क पर नहीं, अन्यत्र कहीं। साथी ने कहा, धन्यवाद! कल जो मैंने कहा, उसे तुमने मान लिया। आज छिलके सड़क पर नहीं फेंके। उसने कहा, सड़क पर तो नहीं फेंके, पर मेरे पास जो दूसरा यात्री बैठा था, उसकी जेब में चुपके से छिलके डाल दिए। सड़क पर उन्हें डालने की नौबत ही नहीं आई। हर आदमी से ही समस्या को दूसरों की जेब में डालता जाता है और यह मान लेता है कि समस्या का समाधान हो गया। समस्या सुलझती नहीं। एक समस्या सुलझती है, तो दूसरी उलझ जाती है। समस्या के समाधान का सही मार्ग है-भावनाओं पर ध्यान देना। जो भी काम किया जाता है, उसको करने से पूर्व यह सोचना होगा कि मैं यह काम शरीर की सुविधा के लिए कर रहा हूं, पर इससे कहीं मन की समस्या उलझ तो नहीं रही है? कहीं भावना की समस्या गहरी तो नहीं होती जा रही है? हम तीनों समस्याओं पर एक साथ ध्यान दें। जब तक शरीर की समस्या, मन की समस्या और भावना की समस्या पर समवेत रूप में ध्यान नहीं देंगे, तब तक समाधान नहीं मिलेगा।

# कुपोषण के सामुदायिक प्रबंधन की राह दिखाता 'ओबरी'

**रामकुमार विद्यार्थी**

रीवा जिले के जवा ब्लाक का सबसे आखिरी गाँव है ओबरी. पहाड़ियों और जंगलों के बीच स्थित इस आदिवासी बाहुल्य गाँव की ज़्यादातर जमीन असिंचित है. बुनियादी सुविधाओं की कमी से घिरे इस गाँव की आबादी 860 है. यहाँ गाँव के लोगों की आजीविका का साधन मुख्य रूप से दिहाड़ी मजदूरी और वनोपज़ संग्रहण है. बच्चों को हाई स्कूल की पढ़ाई के लिए गाँव से 15 किमी दूर ग्राम कोटवा जाना पड़ता है. इस गाँव मे सितंबर 2015 में जब दस्तक परियोजना की शुरुआत हुई तब 0 से 5 वर्ष के 26 बच्चे मध्यम और 14 बच्चे अतिकम वजन के थे. उसके बाद से बाल सेवाओं की नियमित सामुदायिक निगरानी व सहयोग, पोषण खानपान संबंधी जागरूकता और पोषण बाड़ी के निरंतर उपयोग से कुपोषित बच्चों और एनीमिक माताओं की स्थिति मे लगातार सुधार हो रहा है. इस गाँव मे स्थानीय समुदाय ने संस्था विकास संवाद के साथ मिलकर बाल स्वास्थ्य एवं पोषण प्रबंधन की दिशा मे मजबूत कदम बढ़ाया है.

ओबरी में कार्यरत सामुदायिक कार्यकर्ता सुरेश कुमार कोल बताते हैं कि गाँव मे बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य मे बदलाव लाने के लिए समुदाय को अपने भरोसे मे लेना जरूरी था सो उन्होने सबसे पहले स्थानीय स्तर पर मनरेगा योजना से रोजगार दिलाने के लिए ग्राम पंचायत बौसड़ के साथ समन्वित प्रयास किए. इसके साथ ही गाँव मे दस्तक महिला, युवा और किशोरी समूह के जरिये समुदाय को एकजुट करने की पहल की गयी जिनकी कुपोषण को कम करने मे अहम भूमिका रही है. महिलाओं और किशोरियों ने कुपोषण के कारणों की पहचान करते हुये गाँव मे नियमित आंगनबाड़ी खुलने, बच्चों व माताओं को पोषण व टीकाकरण से जोड़ने का काम किया तो स्वयं भी एनीमिया और सही खान-पान को लेकर अपने व्यवहार मे बदलाव किया. महिला समूह ने स्थानीय खाद्य सामग्री के उपयोग से स्वादिष्ट व्यंजन बनाने और सामूहिक प्रस्तुतीकरण के 6 से अधिक बार आयोजन किए. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शिवकुमारी यादव के अनुसार दस्तक परियोजना से बच्चों के कुपोषण मे कमी आयी है और उन्हें समुदाय का भी अपेक्षित सहयोग मिलने लगा है. कुपोषण के कारणों को समझते हुये समुदाय ने यह भी देखा कि उनके खाद्यान का बड़ा हिस्सा खेती से आता है किन्तु असिंचित भूमि होने तथा रासायनिक खादों के बढ़ते उपयोग से चुनौतियाँ अधिक बढ़ती जा रही हैं. तब दस्तक परियोजना के साथियों ने गाँव में जैविक खेती व स्थानीय जल प्रबंधन से जुड़े काम की शुरुआत की. आज ओबरी गाँव के 150 परिवारों मे पोषणबाड़ी विकसित हुई है जिससे हरी पत्तेदार सब्जियाँ व पपीता, अमरूद आदि फल भोजन मे नियमित रूप से उपभोग किया जाने लगा है. गाँव के दस्तक युवा समूह ने पंचायत एवं कृषि विकास विभाग से समन्वय करके अल्प पोषण से प्रभावित परिवारों को रोजगार व बीज उपलब्ध कराये जाने को समय - समय पर सुनिश्चित किया और जर्जर पड़े कुओं को श्रमदान से सुधार करते हुये लगभग 60 परिवारों के पेयजल समस्या को सुलझाया है. इसके साथ ही गाँव मे नदी पर पुल व पक्की सड़क न होने के कारण जननी सुरक्षा की समस्या को लगातार प्रशासन के समक्ष उठाते हुये समस्या हल हुई है. इस सामुदायिक पहल मे जब सभी अपनी भूमिका निभाने लगे तो बच्चे कैसे पीछे रहते सो दस्तक बाल समूह ओबरी के 15 बच्चों ने भी लगभग 95 पौधे लगाकर अपने आसपास हरियाली को बढ़ाने का प्रयास किया है. ये बच्चे अपने गाँव व जंगल से जुड़े जैव विविधता को जानने- समझने की निरंतर कोशिश कर रहे हैं. दस्तक महिला समूह सदस्य गुलाबकली यादव का कहना है कि - गाँव म जब से दस्तक परियोजना शुरू भइ ही ओकरे बाद से गाँव के महिलन अपने-अपने बच्चन के देखभाल, साफ-सफाई अउर खान-पियन के ध्यान बहुत अच्छे से देइ लागे हन जेंहमा से अब गाँव में कमजोर बच्चन बहुत कम बचे हैं. संगीता खैरगार का कहना है कि गाँव मा जननी एक्सप्रेस, एम्बुलेंस, जरूरत पडै पर समय से आबै लाग ही जेकरे कारण अब बच्चन के जनम अस्पताल मा होई लाग हइ. गीता खैरगार, सोहागी खैरगार व प्रीतु यादव जैसी किशोरियां अब अपने स्वास्थ्य के बारे मे चर्चा करते हुये संकोच नहीं करती. वे बताती हैं कि कुछ साल पहले ऐसा नहीं था गाँव की किशोरियों के मन में अपने विकास और पोषण को लेकर कई तरह की भ्रांतियां रहती थी।

# पुलिस कमिश्नर सिस्टम से बदलेगी कानून व्यवस्था

### सूडोकु नवताल- 5902

✷✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5901 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

**प्रवीण कक्कड़**

मध्य प्रदेश के दो प्रमुख शहर इंदौर और भोपाल में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने की घोषणा रविवार को मुख्यमंत्री ने की। इससे मध्यप्रदेश में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने का रास्ता साफ हो गया है। ऐसा नहीं है कि यह घोषणा अचानक हो गई है, इससे पहले नवंबर 2009 में एसएसपी सिस्टम, फरवरी 2012 और मार्च 2018 में कमिश्नर सिस्टम की घोषणा की गई थी लेकिन विभिन्न कारणों से कमिश्नर सिस्टम अमल में नहीं हो सका।

यह सिस्टम लागू होने के बाद पुलिस कमिश्नर के पास धारा 144 लगाने और लाठी चार्ज करने से पहले कलेक्टर की अनुमति लेने की जरूरत नहीं होगी। आदतन अपराधियों को भी पुलिस कमिश्नर सीधे जेल भेज सकेगा। मोटे तौर पर यह समझें कि अपराध को नियंत्रण करने के मामले में पुलिस कमिश्नर के पास अतिरिक्त अधिकार रहेंगे और हर छोटे काम के लिए उसे कलेक्टर की ओर नहीं देखना होगा।

इस बदलाव को आईएएस और आईपीएस की प्रतिद्वंद्विता के रूप में देखने के बजाय प्रशासनिक सुधार के तौर पर देखना चाहिए। जनता को इस बात से मतलब नहीं है कि कोई नियम कलेक्टर लागू करता है या उस नियम को पुलिस कमिश्नर लागू करता है। जनता की मूल चिंता यही होती है कि कानून व्यवस्था बेहतर रहे, उनके शहर में अपराध कम हो और लोग निर्भय होकर दिन या रात में कहीं भी आवागमन कर सकें। ऐसे में भोपाल और इंदौर की जनता के साथ ही यहां के प्रशासनिक वर्ग को भी इस नए प्रयोग को एक मौका देना चाहिए। देश के 16 राज्यों के 70 शहरों में यह सिस्टम पहले से ही लागू है। जाहिर है कि अगर मध्य प्रदेश के 2 शहरों में भी यह सिस्टम लागू किया गया है तो सरकार ने पहले से लागू करने वाले 70 शहरों का अध्ययन और अनुभव जरूर प्राप्त किया होगा। खुद भी लंबे समय तक एक पुलिस अफसर के रूप में सेवा देने के कारण मैं जानता हूं कि आज के समय में अपराध और अपराधी जितने हाईटेक, सूचना संपन्न और शातिर हो गए हैं, उसमें पुलिस के हाथ थोड़े और मजबूत करने की जरूरत है। हाथ मजबूत करने से आशय यह हुआ कि पुलिस के पास तुरंत फैसला लेने का अधिकार हो, जो वर्तमान प्रणाली में कलेक्टर के पास है। कोरोना के समय हमने ऐसी घटनाएं देखी जब दवा और इंजेक्शन की कालाबाजारी करते पकड़े गए किसी अपराधी पर पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाया लेकिन लंबे समय तक कलेक्टर की ओर से अनुमति नहीं मिलने के कारण अंततः उस अपराधी को जमानत मिल गई।

यह किसी कलेक्टर की निंदा करने की बात नहीं है, लेकिन यहां इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि पुलिस के अधिकारी के पास सिर्फ पुलिस विभाग की जिम्मेदारी ही रहती है, जबकि कलेक्टर तो जिले के लगभग सभी विभागों का प्रधान होता है। उसे सार्वजनिक कार्यक्रम, मीटिंग और सचिवालय सभी जगह बराबर ध्यान देना होता है। जबकि पुलिस कप्तान की निगाह मुख्य रूप से जिले की कानून व्यवस्था पर रहती है। ऐसे में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करके कानून व्यवस्था का पूरा जिम्मा पुलिस कमिश्नर को देना एक स्वागत योग्य कदम ही माना जाना चाहिए। यह भी सच है कि सिविल सोसायटी यह प्रश्न उठा सकती है कि कहीं कमिश्नर प्रणाली से हम पुलिस स्टेट की तरफ तो नहीं बढ़ जाएंगे। तो ऐसे में यह याद रखना चाहिए कि चाहे पुलिस अधिकारी हो या आईएएस अधिकारी दोनों ही यूपीएससी का एक ही इम्तिहान पास करके अपनी-अपनी सेवाओं में आते हैं। दोनों को ही भारत के संविधान और राज्य की सरकार के अधीन काम करना होता है। वैसे भी अब वह जमाना नहीं रहा, जब पुलिस चुपचाप कोई काम कर ले और किसी को कानों कान भनक तक नहीं हो। आज मीडिया मुस्तैद है, जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और लोग भी हर घटना दुर्घटना की रिकॉर्डिंग किसी न किसी रूप में कर ही लेते हैं। ऐसे में पुलिस कमिश्नर सिस्टम शुरू होते ही इसको बहुत ज्यादा शक की निगाह से नहीं देखना चाहिए। बल्कि मैं तो कहूंगा यह वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के लिए अपना प्रशासनिक स्वरूप और मानवीय संवेदनाएं दिखाने का एक बेहतरीन मौका है। अगर इंदौर और भोपाल में पुलिस कमिश्नर प्रणाली कामयाब रहती है तो यह प्रदेश के अन्य बड़े शहरों में भी पुलिस की नई भूमिका के लिए दरवाजा खोलेगी। इस प्रणाली की सफलता इस बात पर भी निर्भर करेगी कि मौजूदा नौकरशाही इस काम में पुलिस प्रशासन को कितना सहयोग देती है। अगर ब्यूरोक्रेसी पुलिस कमिश्नर प्रणाली को अपना पूरा सहयोग दें तो इस प्रणाली के कामयाब होने में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए।

## बेलगाम जासूसी ठीक नहीं

**वेदप्रताप वैदिक**

संसद की संयुक्त संसदीय समिति ने 'व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षा विधेयक' पर अपनी रपट पेश कर दी है। संसद के अगले सत्र में कुछ दिन बाद ही यह विधेयक कानून का रुप ले सकता है। इस समिति के 30 सदस्यों में से छह ने इस विधेयक से अपनी असहमति जताई है। इस विधेयक का उद्देश्य है, सरकार, संस्थाओं और व्यक्तियों की निजता की रक्षा करना। दूसरे शब्दों में उनके लेन-देन, कथनोपकथन, गतिविधि, पत्र-व्यवहार आदि पर निगरानी रखना याने यह देखना कि कोई राष्ट्रविरोधी गतिविधि तो चुपचाप नहीं चलाई जा रही है। इस निगरानी के लिए जासूसी-तंत्र को अत्यधिक समर्थ और चुस्त बनाना आवश्यक है। इस दृष्टि से कोई भी सरकार चाहेगी कि उसके जासूसी-कर्म पर कोई भी बंधन नहीं हो। वह निर्बाध जासूसी, जिस पर चाहे, उस पर कर सके। इसी उद्देश्य से इस विधेयक को कानून बनाने की तैयारी है लेकिन पेगासस-कांड ने देश में व्यक्तिशः जासूसी के खिलाफ इतना तगड़ा माहौल बना दिया है कि यह विधेयक इसी रुप में कानून बन पाएगा, इसकी संभावना कम ही है, क्योंकि यह सरकार को निरंकुश अधिकार दे रहा है। इसके अनुच्छेद 35 के अनुसार सरकार की एजेन्सियां 'शांति और व्यवस्था', 'संप्रभुता', 'राज्य की सुरक्षा' के बहाने किसी भी व्यक्ति या संगठन की जासूसी कर सकती है और किसी को भी कोई आपत्ति करने का अधिकार नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति जो अपनी निजता का हनन होते हुए देखता है, वह न तो अदालत में जा सकता है, न किसी सरकारी निकाय में शिकायत कर सकता है और न ही संसद में गुहार लगवा सकता है। याने सरकार पूर्णरूपेण निरंकुश जासूसी कर सकती है। 2018 में जस्टिस श्रीकृष्ण कमेटी ने इस संबंध में जो रपट तैयार की थी, उसमें सरकार की इस निरंकुशता पर न्यायालय के अंकुश का प्रावधान था। लेकिन इस विधेयक में सरकार के अधिकारी ही न्यायाधीश की भूमिका निभाएंगे। संसद की किसी कमेटी को भी निगरानी के लिए कोई अधिकार नहीं दिया गया है। इसका नतीजा क्या होगा? नागरिकों की निजता भंग होगी। सत्तारुढ़ लोग अपने विरोधियों की जमकर जासूसी करवाएंगे। संविधान में दिए गए मूलभूत अधिकारों का हनन होगा। यह ठीक है कि आतंकवादियों, तस्करों, अपराधियों, ठगों, विदेशी दलालों आदि पर कड़ी नजर रखना किसी भी सरकार का आवश्यक कर्तव्य है लेकिन उसके नाम पर यदि मानव अधिकारों का हनन होता है तो यह भारतीय संविधान और लोकतंत्र की अवहेलना है।

# नोटबंदी से नकली नोट असली हुएः कांग्रेस



## जिला कांग्रेस की जन जागरण यात्रा का पुष्प बर्षा कर किया भव्य स्वागत

**मुरैना।** जिला कांग्रेस कमेठी ने कांग्रेस के जन जागरण अभियान की मुरैना में शुरुआत करते हुए मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जिला कांग्रेस नेतृत्व ने कहा कि नोटबंदी के बाद देश की अर्थव्यवस्था चौपट हुई और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की चेतावनी सच निकली, मनमोहन सिंह जी ने कहा था कि नोटबंदी से जीडीपी में कम से कम 2 प्रतिशत का नुकसान होगा और यह एक संगठित लूट एवं घोटाला है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि मोदी ने देश से वादा किया था कि नोटबंदी से नकली करेंसी समाप्त हो जाएगी। भ्रष्टाचार समाप्त हो जाएगा। काला धन खत्म हो जाएगा और आतंकवाद समूल नष्ट हो जाएगा। तथ्य यह है कि नोटबंदी के पूर्व लगभग 17 लाख करोड की तरल नगदी करेंसी के रूप में बाजार में थी जबकि आज 28 लाख करोड से अधिक तरल नगदी बाजार में है। यह 11 लाख करोड की अतिरिक्त मुद्रा कहां से आई है? क्या नोटबंदी के माध्यम से नकली नोट असली में परिवर्तित किए गए हैं? इसका जवाब इस सरकार को देना होगा। इस घोटाले पर सरकार की तरफ से कोई सफाई क्यों नहीं है? कांग्रेस ने पूछा कि क्या भ्रष्टाचार समाप्त हो गया है? क्या आतंकवाद नष्ट हो गया है? क्या काला धन वापस आ गया है? नहीं जुमला सरकार के इन जुमलों ने देश की अर्थव्यवस्था जरूर चौपट कर दी है। कांग्रेस ने कहा कि नोटबंदी के बाद देश के एमएसएमई पर जबरदस्त संकट छाया है। चालीस फीसद से ज्यादा उद्योग बंद हो गए हैं, जबकि देश की अर्थव्यवस्था की रीड की हड्डी यही छोटे और मझोले उद्योग हैं। देश में चार-पांच उद्योग पतियों को मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है। अकेले पेट्रोल डीजल की कीमतें बढाकर सरकार ने पिछ्ले एक वर्ष में साढे तीन लाख करोड की अतिरिक्त कमाई की है। कहा गया था कि टीकाकरण कराना है तो महंगा पेट्रोल खरीदना पडेगा। टीकाकरण का खर्चा तो मात्र 20 हजार करोड है तो बाकी पैसे कहां गए? कहा गया है कि ऑयल बान्ड के कारण पेट्रोल महंगा देना पड रहा है। सरकार ने ऑयल बॉन्ड पर मात्र 35 सौ करोड का भुगतान ही किया है तो बाकी 3 लाख करोड अधिक कमाई कहां गई? कांगेंस पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इन नीतियों के खिलाफ जन जागरण का अभियान गांव-गांव तक ले जाना चाहती है। इस अवसर पर उपस्थित रहे दीपक शर्मा, सोबरन सिंह गुर्जा, मानवेंद्र गांधी, रविंद्र मावई, सत्यपाल कुशवाह, विक्रम मुद्गल, अब्दुल रज्जाक, बंसल, राकेश परमार, अशोक सिंह भदोरिया, रामलखन दंडोतिया, ओमप्रकाश ठगेले, लक्ष्मी दिनकर, शशि सक्सेना, राजेश राठौर, अमित बंसल, आयुष अग्रवाल, अनूप डडोतिया और अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता सहित सैकड़ों तादाद में लोग उपस्थित रहे।

# प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में मुरैना की जूनियर एवं सीनियर दोनों टीमों ने मारी बाजी



**मुरैना।** भारत विकास परिषद मध्य भारत उत्तर प्रांत द्वारा भारत को जानो प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में मुरैना शाखा की जूनियर एवं सीनियर दोनों टीमों ने प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

समाज सेवी संस्था भारत विकास परिषद द्वारा संस्कार प्रकल्प के अन्तर्गत भारत को जानो सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित कराई जाती है। इसी क्रम में इस वर्ष महिला पॉलिटेक्निकल कॉलेज, पड़ाव, ग्वालियर में 23 नवंबर, मंगलवार को आयोजित इस प्रतियोगिता मे मध्य भारत उत्तर प्रांत की जूनियर एवं सीनियर वर्ग में अलग-अलग शाखाओं की 5- 5 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग (कक्षा 6 से कक्षा 8) में टी आर गांधी स्कूल की सृष्टि सिकरवार एवं नागेंद्र शर्मा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग (कक्षा 9 से कक्षा 12) में सरस्वती शिशु मंदिर की मानसी यादव एवं जे एस पब्लिक स्कूल के शांतनु राणा की टीम ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों वर्गों में बच्चों की इस अभूतपूर्व विजय के अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा मुरैना के अध्यक्ष राजेश बांदिल, सचिव राम गुप्ता, प्रांतीय महासचिव अमित जैन, नीरज मोदी गौरव मोदी, अतुल माहेश्वरी, विपुल गर्ग आदि ने बच्चों का मुरैना पहुंचने पर स्वागत कर बधाई दी। आगामी महीने में 6 प्रांतों को मिलाकर क्षेत्रीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें यह दोनों विजयी टीमें मध्य भारत उत्तर प्रांत की ओर से हिस्सा लेंगी।

# पुरानी दुश्मनी के चलते दसवीं के छात्र की गला घोट कर हत्या

## सराय छोला थाने के कैमरा मोड़ पर मिली छात्र की लाश, परिजनों ने पुलिस कार्रवाई पर खड़े किए सवाल



**मुरैना।** सराय छोला थाना क्षेत्र के कैमरा मोड़ पर बुधवार की सुबह स्कूल जा रहे एक छात्र की गांव के ही सजातीय लोगों ने पुरानी दुश्मनी के चलते गला घोट कर हत्या कर दी और फरार हो गए।। परिजनों द्वारा सराय छोला थाने में नामजद लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है और परिजनों का कहना है कि पुलिस कार्यवाही मैं शिथिलता बरत रही है और उन पर ही दवा बनाने में लगी हुई है। ग्राम केंथरी निवासी मृतक छात्र के बड़े भाई जबर सिंह ने बताया कि गांव के ही रामलाल पुत्र माधव सिंह, भारत सिंह आदि से उनकी पुरानी रंजिश चल रही है। रंजिश का कारण 8 माह पूर्व पुलिस द्वारा उनके ट्रैक्टर का पकड़ा जाना है, जिसका इल्जाम वह उनके परिवार पर लगाते आ रहे हैं और दुश्मनी बना बैठे हैं। जबर सिंह ने बताया कि 5 दिन पूर्व भी उनके भाई दिनेश 16 वर्ष की रामलाल एवं उनके परिजनों ने भगवान दास मंदिर के जंगल में मारपीट की थी तथा मंगलवार की शाम को भी दिनेश के साथ मारपीट करते हुए उसे भयभीत किया, जिसकी जानकारी उसने परिजनों को दी। बुधवार की सुबह घर के परिजन सभी सो रहे थे और वह 7 बजे ग्राम खाड़ोली स्थित शांति पब्लिक स्कूल के लिए निकला। एक घंटे पश्चात परिजनों को सूचना मिली कि दिनेश की लाश कैमरा मोड़ पर पड़ी हुई है। सूचना पाकर परिजन मौके पर दौड़े और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा दसवीं के छात्र दिनेश का शव अस्पताल लेकर आई।

# अवैध रूप से रेत उत्खनन के आरोपी को न्यायालय ने सुनाई सजा

**मुरैना।** अवैध रूप से रेत का उत्खनन करने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी परिमाल पुत्र रामस्वरूप गुर्जर, उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम नायकपुरा जिला-मुरैना को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41 सहपठित धारा 42 में दोषी पाते हुये न्यायालय उठने तक की सजा व 1000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियोजन सहायक मीडिया सेल प्रभारी/पैरवीकर्ता अधिकारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने घटना के बारे में बताया कि दिनांक 10 जुलाई 2009 को वन विभाग के गेमरेंज व अन्य कर्मचारी शाम करीब 06 बजे जब टिगरी रिठौरा घाट क्षेत्र का भ्रमण कर गस्त से लौट रहे थे, तब उन्होंने राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य के प्रतिबंधित क्षेत्र में चार ट्रेक्टर रेत उत्खनन कर परिवहन करते हुये देखा, जो गस्तीदल को देखकर ग्राम गढौरा की ओर तेजी से भागे, जिनका पीछा किया गया, उक्त चारों ट्रेक्टरों ने गढोरा के पास पहले से खडे एक ट्रक के पास रेत खाली कर दी, गस्तीदल के द्वारा उक्त घटना दूर से देखी गई एवं इस संबंध में अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दूरभाष पर सूचना दी गई और उनसे निर्देश लिये गये, ट्रेक्टरों द्वारा खाली की गई रेत ट्रक चालक ने मजदूरों से ट्रक में भरवाई और रात करीब 11 बजे रेत से भरा उक्त ट्रक रवाना हुआ, जिसका गस्तीदल के द्वारा पीछा किया गया और पीछा करते हुये पूर्व से तैनात पुलिस व वन कर्मचारियों के सहयोग से आर.टी.ओ. बैरियल पर उक्त ट्रक को रोका गया। ट्रक चालक ने अपना नाम परिमाल पुत्र रामस्वरूप बताया और उसने यह भी बताया कि ट्रक में भरी रेत चंबल अभ्यारण्य के कुल्हाडा क्षेत्र से ट्रेक्टरों से ढुलवाकर भरवाई गई। ड्राइवर के पास कोई रॉयल्टी रसीद नहीं पाई गई, तब उक्त ट्रक को जप्त किया गया। मौका पंचनामा व जप्ती पंचनामा बनाया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत ट्रक चालक के विरूद्ध माननीय न्यायालय में परिवाद पेश किया गया।

## निगम के अधिकारी कर्मचारियों पर लगाया धमकी देने का आरोप

**मुरैना।** नगर पालिक निगम मुरैना द्वारा श्रीमती प्रेमलता का फर्जी विवाह प्रमाण पत्र बना दिया गया था, जिसके खिलाफ प्रेमलता ने सिटी कोतवाली में एफआईआर कराई और उसमें नगर निगम कमिश्नर सहित अन्य कर्मचारियों पर मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी तो नहीं हुई, लेकिन आरोपीगणों द्वारा अब राजीनामा के लिए फरियादियों एवं उसके परिजनों व रिश्तेदारों पर दबाव बनाकर धमकी दी जा रही है। इस मामले की शिकायत बुधवार को प्रेमलता ने सिटी कोतवाली में की है। श्रीमती प्रेमलता पत्नी स्वर्गीय अंकित शर्मा निवासी बुद्धा नगला धनोली जगनेर आगरा उत्तर प्रदेश ने थाना कोतवाली में दिए आवेदन के माध्यम से बताया है कि वर्ष 2014 में उसकी शादी का होना बताकर फर्जी विवाह प्रमाण पत्र नगर पालिक निगम मुरैना के बाबू सत्येंद्र शर्मा, नगर निगम आयुक्त अमर सत्य गुप्ता, बाबू सूरज तोमर, नरेश, देवराज शर्मा तथा वकील महावीर प्रसाद पचौरी के साथ षड्यंत्र कर बनाया था। इस मामले में प्रेमलता की रिपोर्ट पर से कोतवाली पुलिस ने उक्त सभी लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया था, जिसका अपराध क्रमांक 1337/2021 है। उक्त प्रकरण में कोतवाली पुलिस द्वारा किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी तो नहीं की गई है, लेकिन अब आरोपियों द्वारा फरियादी, उसके परिजन तथा रिश्तेदारों को फोन कर राजीनामा के लिए दबाव बनाकर धमकाया जा रहा है। श्रीमती प्रेमलता ने बुधवार को थाना सिटी कोतवाली में इसकी शिकायत दर्ज कर आरोपियों से अपनी एवं परिवार की जान को खतरा बताते हुए उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है।

# पात्र हितग्राहियों को आवास नहीं मिलने तक जारी रहेगा प्रदर्शनः माकपा



**कैलारस।** आवासहीनों की आवास समस्या को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने लगातार चौथे दिन नगर परिषद पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान हुई सभा को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव मण्डल सदस्य महेश प्रजापति व स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के नगर संयोजक बॉबी धाकड ने सबोधित करते हुये कहा कि नगर के अंदर सैकडों गरीब व आवासहीन परिवार निवासरत है, पिछले सालों में भाजपा के राजनैतिक दबाव व जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के चलते गरीबों के आवास अपात्र हितग्राहियों को दे दिए, जिस कारण गरीब, मजदूर आज भी आवास के लिये दर-दर की ठोकर खा रहे है। इसे लेकर माकपा ने निर्णय लिया है कि जब तक नगर परिषद गरीबों को आवास प्रक्रिया को शुरु नहीं कर देती तब तक प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहेगा। इस दौरान माकपा नगर सचिव राजेश गुप्ता, पूर्व पार्षद इब्राहिम शाह, माताप्रसाद शर्मा, एसएफआई के प्रांतीय संयुक्त सचिव राजवीर धाकड, सिंचाई अध्यक्ष रामलखन धाकड, हरिओम गोयल, नरेश जाटव, रामकुमार धाकड सहित सैकडो नगरवासी मौजूद रहे।

# दिव्यांग मुन्नी की राशन की चिंता हुई दूर



**मुरैना।** कैलारस के ग्राम आंतरी निवासी कल्याणी श्रीमती मुन्नी शाक्य पत्नी मंगलिया की प्रतिमाह राशन खरीदने की चिंता अब दूर हो गई है क्योंकि शासन से अब राशन की पात्रता पर्ची मिल चुकी है।

कल्याणी श्रीमती मुन्नी शाक्य ने बताया कि पति के गुजर जाने के बाद मुझ पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा था। परिवार में गृहस्थी का खर्च चलाने के लिये कोई जरिया नहीं था। मुझे पूरे माह में राशन खरीदने की चिंता दिनो दिन सता रही थी। कभी परिवार के लोग राशन देते थे तो कभी भाई भतीजे सहयोग करते थे। मैं कल्याणी होने के बावजूद भी एक पैर से दिव्यांग भी हूं। मेरे परिवार में एक बेटा एक बेटी नाबालिग हैं जिनका खर्च मुझे ही उठाना पड़ रहा है। मैं क्या करूं एक पैर से दिव्यांग होने से मैं मेहनत मजदूरी भी नहीं कर सकती थी। मुझे पड़ौसी ने बताया कि दिव्यांग लोगों को शासन द्वारा बीपीएल पात्रता पर्ची प्राप्त होती है उस पर्ची से प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज मिलता है। कल्याणी श्रीमती मुन्नी शाक्य ने जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया। कुछ समय बाद श्रीमती मुन्नी शाक्य को पंद्रह किलो खाद्यान्न की पात्रता पर्ची कलेक्टर के निर्देश पर जिला खाद्य नियंत्रक अधिकारी भीम सिंह तोमर द्वारा पिछले मंगलवार को प्रदान की।

# हजारों साल के लिए इतिहास बनकर रहेगा श्री महावीर जिनालय मंदिर: विन्रम

## तप कल्याणक के दिन नीलांजना का नृत्य देखकर आदि कुमार को हुआ वैराग्य



**अम्बाह।** पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान जैन बगीची में आचार्य श्री विन्रम सागर महाराज ने अपने प्रवचन में मौजूद लोगों से कहा कि हजारों वर्ष के लिए श्री महावीर जिनालय मंदिर इतिहास बनकर रहेगा। संपूर्ण समाज के सहयोग से यह पूरी निष्ठा के साथ बनाकर तैयार किया गया है। विन्रम सागर ने कहा कि अम्बाह वालों की तपस्या का फल आज उनको मिल ही गया, लगभग एक दशक पूर्व जब मंदिर बनाने का लोगों ने ठान ही लिया था तो वह अब बन भी गया। संत श्री ने कहा कि इस से पहले मंदिर में गर्भ ग्रह में मूलनायक की प्रतिमा कैसे अंदर जाएगी यह सवाल था किंतु अब सभी प्रतिमाएं मंदिर के अंदर विराजमान हो गई है और आज से पूज्यता को प्राप्त हो गई हैं। जैन बगीची में जैनाचार्य विन्रम सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में नगर में आयोजित श्री मज्जिनेंद्र जिनविब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के तहत बुधवार को तप कल्याणक मनाया गया। इस दौरान नीलांजना के नृत्य को देखकर आदिकुमार को वैराग्य आ गया और आदिकुमार वन की ओर निकल पडे। आयोजन में सुबह पात्र शुद्धि, नित्य पूजा, जन्म कल्याणक पूजन और आचार्यश्री का पूजन हुआ। सुबह ही पाणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। दोपहर में महाराजा नाभिराय के दरबार में आदिकुमार के राज्य अभिषेक और राजतिलक की तैयारियों के पूर्व नीलांजना नृत्य कराया गया नृत्य के दौरान नीलांजना की मृत्यु हो गई तो आदिकुमार को लगा कि जीवन मे कुछ नहीं है सिर्फ आना और जाना है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने सर्व समाज को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ग्राम पंचायतों को जोड़ने का काम किया: सांसद श्रीमती संध्या राय

**पंकज त्रिपाठी**
***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

***किसानों के विकास के लिए मोदी और शिवराज सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी ~ नाथू सिंह***

**भिण्ड ।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकारों ने सर्व विकास समाज को अपनी विकासकारी जनकल्याणी योजनाओं के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जोड़ने का काम कर रही है जिसका लाभ जनता को मिल भी रहा है।मोदी एवं शिवराज ने ग्राम पंचायतों के सर्व विकास समाज की जनता को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अनेकों योजनाएं प्रारंभ की है जिनका आप लाभ लेकर अपनी पंचायत को मध्य प्रदेश के साथ और स्वच्छता अभियान में रुचि लेकर प्रथम स्थान प्राप्त करें ताकि आपकी पंचायत को भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार के संयुक्त अभियान के माध्यम से प्रथम पुरस्कार आपको प्राप्त हो सके जिसके लिए हम सबकी जिम्मेदारी अति आवश्यक है 7 यह बात उन्होंने भिंड जिले की विधानसभा क्षेत्र लहार की ग्राम पंचायत कुरथर में बाउंड्री वॉल के उद्घाटन कार्यक्रम में जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए 7 इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर, दतिया जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बिधौलिया एवं मंडल अध्यक्ष देवेंद्र उपाध्याय एवं पार्टी के वरिष्ठ नेतागण मंचासीन थे



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती संध्या राय ने कृषि कानून को वापस लिए जाने पर किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों कृषि कानून को इसलिए वापस लिया कि जो किसान दिल्ली में धरने पर बैठे हुए थे उसमें राष्ट्र विरोधी ताकतों के शामिल होने पर देश की शांति व्यवस्था को भंग करने का प्रयास किया जा रहा था, किसानों को झूठा भ्रमित कर रहे थे 7 उनका यह निर्णय देशहित में लिया गया है और जो भी निर्णय होगा उसके लिए भारत एवं मध्यप्रदेश सरकार और वैज्ञानिक अर्थशास्त्री तथा किसानों को विश्वास में लेकर किसानों के विकास के लिए योजनाओं को तैयार किया जाएगा 7 हम सब भारत में शांति और सद्भावना के साथ इस देश को आत्मनिर्भर की दिशा में जोड़ना चाहते हैं लेकिन कांग्रेस और राष्ट्र विरोधी ताकतों ने किसानों को झूठा भ्रमित करने का, मोदी और शिवराज सरकार की स्वच्छ छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है।हम इनके बहकावे में ना आएं तो इनके पास अब कोई मुद्दा नहीं है और ना ही कोई नीति है, सिर्फ जनता को झूठा भड़काकर राजनीतिक वोट करने का षड्यंत्र रचा रहे हैं भाजपा सांसद श्रीमती राय ने कहा कि आपने मुझे लोकसभा चुनाव में लहार क्षेत्र से प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा को जीत दिलाकर आपने मेरे विश्वास को आगे बढ़ाया है 7 मैं भी आपको सभी को विश्वास दिलाती हूं कि आप के मान और सम्मान कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी, आपका स्नेह मेरे साथ बना रहे इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसा राजनीतिक संगठन है जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी संविधान सभा के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जैसे महापुरुषों के विचारों के साथ गरीब मजदूर किसानों के लिए हमारी केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार कार्य कर रही हैं 7 कांग्रेस की नीति हमेशा तुष्टीकरण की अपनाने की रही है कि फूट डालो और राज करो, उन्होंने देश की स्वतंत्रता का आज तक ऐसा कोई कार्य नहीं किया जिससे गरीब मजदूर और किसान आज विकास की मुख्यधारा से जुड़ जाती। उन्होंने कभी गरीबी को नहीं देखा लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश के ऊपर देश के हर गरीबों को अपने हृदय से लगाकर उनके विकास की चिंता की और कांग्रेस जनता को झूठा भ्रमित करने में लगी रही है।

## वन-टू-वन

### उचित मूल्य पर खाद ना मिलने से किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन



**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर ,9691338626**

**पिछोर,** आज कृषि गल्ला मंडी में खाद उचित मूल्य पर ना मिलने पर किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन खाद्य विक्रेताओं की मनमानी देखने को आज कृषि गल्ला मंडी पिछोर में देखने को मिली जहां पर खाद विक्रेताओं द्वारा मनमानी दरों पर खाद किसानों को दिया जा रहा है जिसके चलते आज किसान युवा मोर्चा विजय पांडे एवं सभी किसानों ने धरना प्रदर्शन किया जिसमें कई अधिक तादाद में किसानों ने एक साथ में रहकर खाद विक्रेता के खिलाफ नारेबाजी और हल्ला बोल विरोध प्रदर्शन किया किसानों को दिन दिन हर लाइन में लगे रहते हैं फिर भी खाद विक्रेताओं द्वारा मनमानी की जा रही है जिसके चलते आज किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया भारी तादात में किसानी एकाग्रता हुए और विरोध प्रदर्शन किया खाद्य विक्रेताओं द्वारा पिछोर में मनमानी चल रही है और किसानों को लूटा जा रहा है यह दुर्दशा आज पिछोर गल्ला मंडी में देखी गई जिसमें खाद विक्रेताओं द्वारा खाद को अधिक कीमतों में देकर किसानों को ठगा जा रहा है इसलिए आज किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया साथ ही खाद विक्रेताओं के लिए भी शासन की नियम बताएं?266 की बोरी शासन से खुली दर पर है पर पिछोर गल्ला मंडी में खाद्य विक्रेताओं द्वारा 275 रुपए में बोरी दी जा रही है समर्थन मूल्य पर खाद बोरी ना मिलने पर किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन

### मेहगांव एनएसयूआई करेगी कांग्रेस के साथ जन जागरण पदयात्रा - तोमर

**बृजपाल सिंह गुर्जर दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**मेहगांव-** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के मेहगांव विधानसभा अध्यक्ष अंकित तोमर ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा पूरे देश में जन जागरण




पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है दिनांक 14 तारीख से 29 तारीख तक इसी कार्यक्रम में मेहगांव और अमायन कांग्रेस कमेटी दिनांक 25 तारीख को आज ही माता सड़ा से अमायन तक पैदल जन जागरण यात्रा करेगी जिसमें कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुधांशु त्रिपाठी जी किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर जी कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष भिंड मान सिंह कुशवाहा जी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान और एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष अंकित तोमर एवं कांग्रेस और एनएसयूआई के सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। जन जागरण पदयात्रा 25 तारीख को सुबह 10~00 बजे आजी माता सड़ा मंदिर से शुरू होगी। मेहगांव- भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के मेहगांव विधानसभा अध्यक्ष अंकित तोमर ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा पूरे देश में जन जागरण पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है दिनांक 14 तारीख से 29 तारीख तक इसी कार्यक्रम में मेहगांव और अमायन कांग्रेस कमेटी दिनांक 25 तारीख को आज ही माता सड़ा से अमायन तक पैदल जन जागरण यात्रा करेगी जिसमें कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुधांशु त्रिपाठी जी किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर जी कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष भिंड मान सिंह कुशवाहा जी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान और एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष अंकित तोमर एवं कांग्रेस और एनएसयूआई के सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। जन जागरण पदयात्रा 25 तारीख को सुबह 10~00 बजे आजी माता सड़ा मंदिर से शुरू होगी।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा संविधान गौरव दिवस 26 नवंबर को मनाएगा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**संविधान गौरव दिवस के विधानसभा क्षेत्रवार प्रभारी मनोनीत**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य के निर्देश व मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष डॉ कैलाश जाटव के मार्गदर्शन में भिंड भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर की सहमति से जिला संयोजक मनोज अनन्त जिला सहसंयोजक भानु जयंत ने 11 सूत्रीय कार्यक्रम 26 नवंबर से 6 दिसम्बर तक पूरे जिले में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम संयोजक सह-संयोजक नियुक्त किये हैं 26 नवंबर को गौरव संविधान दिवस अभियान को अमलीजामा पहनाने के लिए नियुक्त किए गए हैं 7 विधानसभा क्षेत्र प्रभारियों में भिंड में अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्म सिंह भार्गव को प्रभारी एवं सह प्रभारी ब्रजकिशोर गोयल को नियुक्त किया गया है 7 वह कार्यक्रम बाबा साहब की प्रतिमा की साफ सफाई एवं स्वच्छता अभियान तथा माल्यार्पण मेहगांव निर्मल आर्य प्रभारी सह प्रभारी, अभिलाख जाटव मंडल स्तर पर कमल पुष्प अभियान को



गति प्रदान करना, सुनील बाल्मिक प्रभारी 6 प्रभारी डॉ राम कुमार शाक्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को अनुसूचित जाति बस्तियों में समाज के बीच स्क्रीन लगाकर सुनवाना, गोहद अशोक जयंत को प्रभारी एवं सह प्रभारी विनोद शाक्य आयुष्मान भारत कार्ड योजना के तहत शिविर लगाकर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में कार्ड बनवाना, मेहगांव नारायण जाटव प्रभारी एवं सह प्रभारी सुल्तान जाटव श्रमिक कार्ड योजना को अधिक अधिक संख्या में शिविर लगाकर कार्ड बनवाना, गोहद सुरेश छारी एवं सह प्रभारी सुल्तान मौर्य बाबा साहब की पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाना पूर्व पार्षद सुनील कौशल को ओपी प्रभार सह प्रभारी रामू खटीक अनुसूचित जाति मोर्चा के माधवी छात्र छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित करवाना, मेवाराम जाटव प्रभारी एवं सह प्रभारी पूर्व पार्षद उदल साथ कार्यक्रम बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि विकास जन कल्याण योजनाओं को समाज तक पहुंचाना हेतु संगोष्ठी आयोजित करना, लालाराम भीलवाड़ा प्रभारी सह प्रभारी, श्याम जाटव कार्यक्रम सामाजिक संतो के प्रमुखों से जनसंपर्क कर सामाजिक विषय पर चर्चा करना, भीकम कौशल पेपर प्रभारी एवं सह प्रभारी पिंकी सागर कार्यक्रम वर्तमान समय में बाबा साहब के विचारों के लिए संगोष्ठी आयोजित करना विजय चौरसिया प्रभारी एवं सह प्रभारी शेखर खटीक बाबा साहब की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करवाना उपरोक्त कार्यक्रम आयोजित किए जाएंग।

# तीन महा से नहीं दिया गया आदिवासी लोगों के लिए राशन सेल्समैन द्वारा



**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर 9691338626**

**पिछोर,** प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भडोरा मजरा शंकरपुर मैं सेल्समैन शिवदयाल जाटव द्वारा लोगों को तीन माह से राशन नहीं दिया गया वैसे सरकार द्वारा महीने में दो बार राशन दिया जाना था पर ग्रामीणों का कहना है कि 3 माह में हमें ना ही पैसे वाला दिया गया है और ना ही फ्री वाला दिया गया है आदिवासी लोगों का एवं ग्रामीणों का कहना है की तीन माह से राशन वितरण नहीं किया गया आदिवासी और ग्रामीण जन इधर उधर राशन के लिए परेशान होते हैं ग्रामीणों का कहना है सेल्समैन द्वारा खाद्यान्न मुहैया नहीं दिया जाता है और कालाबाजारी सेल्समैन द्वारा की जा रही है समय पर कभी हम को राशन नहीं दिया गया है ग्रामीण जनों ने सेल्समैन का नाम भी बताया है शिवदयाल जाटव निवासी बदरवास जोकि ग्राम भडोरा शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर कार्यरत है पर लोगों के लिए खाद्यान्न तीन माह से नहीं दिया गया है और आदिवासी लोगों ने अपने अपने कार्ड भी दिखाएं जिन पर तीन माह से आदिवासी लोगों के लिए राशन नहीं चढ़ा है यह दुर्दशा सेल्समैन शिवदयाल जाटव द्वारा आदिवासी एवं ग्रामीणों के लिए राशन नहीं दिया जा रहा है।



### अम्बाह प्रसासन की घोर लापरबाही कभी भी होसकता है बडा हादसा...


**अम्बाह...** टेकचन्द स्कूल के पास पूठ रोड साइड के लिये पिछ्ले दिनो नाले के ऊपर एक पुलिया का निर्माण कराया गया जिसमें ठेकेदार द्वारा घटिया क्वालिटी का सामान लगे होने से नाला पुलिया क्षतिग्रत होगई जिसको लेकर बरिष्ट अधिकारियो का कोई ध्यान नही है आये दिन उसमे रोजाना हादसा होकर लोग चौटिल होरहै है पढने बाले छोटे छोटे बच्चे गिरने का अन्दैशा है पास में ही स्कूल है यू देखा जाये तो सरकारी निर्माणो पर किसी भी प्रसासन अधिकारी का कोई ध्यान नही है कमीशन खोरी ने सरकारी निर्माणो की क्वालिटी को घटिया बनादिया है पिछ्ले दिनो सारथी कंन्टेट्रसन कम्पनी जो अम्बाह मे पानी की पाइप लाइन बीच रोड पर खोद कर डाली गई जिसमे शर्त यह थी कि सडक को मरमम्त कर बैसा ही बनाया जायेगा परन्तु अम्बाह नगर पालिका अधिकारियो की निगरानी न होने से घटिया क्वालिटी के थेगरा लगाये गये।

# लेखिका सिलिस्ती करुरिया के दूसरे उपन्यास 'समाही, फॉरएवर इन लव का विमोचन हुआ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**जयपुर ।** वर्ष 2019 में चमड़े का लुटेरा नामक उपन्यास से चर्चित लेखिका सिलिस्ती करुरिया के दूसरे उपन्यास समाही फॉरएवर इन लव का विमोचन हुआ। दो साल से सभी पाठक लोगो को सिलिस्ती की दूसरी नॉवेल का इंतज़ार था, अब वो घडी भी निकट आयी है। सिलिस्ती अपनी दूसरी किताब का अमेज़न पर विमोचन हुआ।

सिलिस्ती का दूसरा नॉवेल 'समाही~फॉरएवर इन लव' एक फिक्शन नॉवेल है। ऐसे में हिंदी के पाठको के लिए ये उपन्यास रोचक और नया होगा। युवा लेखिका सिलिस्ती ने हिंदी के लेखको और पाठको को एक नया आयाम दिखाया है, जिससे उनको एक नयी सोच का पता लगे। एक नयी पीढ़ी को एक सकारात्मक राह मिले। सिलिस्ती एक नयी सोच लेकर अपनी दूसरी नॉवेल लिखी है।




सिलिस्ती करुरिया वनस्थली विद्यापीठ से माइक्रोबॉयलोजी में पीएचडी कर रही है। सिलिस्ती ने लॉकडाउन का सही उपयोग करते हुए अपनी दूसरी नॉवेल लिख डाली। एक साल की कड़ी मेहनत रंग लायी है जब उनकी दूसरी पुस्तक 'समाही~फॉरएवर इन लव' ट्रेडिशनल पब्लिशिंग हाउस 'कीवी बुक्स इंडिया' ने प्रकाशन के लिए स्वीकार किया। सिलिस्ती ने कभी हिम्मत नही हारी और चमड़े का लुटेरा नॉवेल के साथ कहीं शॉर्ट स्टोरी लिख डाली। चमड़े का लुटेरा उपन्यास को टॉप 100 डेब्यू नॉवेल के रूप में पूरे देश में प्रशंसा मिली है। समाही~फॉरएवर इन लव एक लव स्टोरी है, जो आजकल के ट्रैंड पर आधारित है। सिलिस्ती करुरिया चमड़े का लुटेरा नामक उपन्यास की लेखिका है और साथ में बायोसाइंस में पीएचडी कर रही है। सिलिस्ती को बचपन से लेखन में रूचि थी, वो अपनी लेखन से लोगो की छोटी सोच को बदलना चाहती थी,ये करना एक चुनौती थी,पर सिलिस्ती ने कभी हिम्मत नहीं हारी और साइंस की स्टूडेंट होने के बाद भी समाज के जमीनी मुद्दों को समझा और अपनी काल्पनिक सोच से चमड़े का लुटेरा उपन्यास और ब्रोकन शिप शार्ट स्टोरी लिख डाली।

# केन्द्रीय जेल जबलपुर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के इतिहास से जुड़ा है

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
***दैनिक पुष्पांजली टुडे***
**9826576206**

**शहीद टंट्या भील की शहीद स्थली केन्द्रीय जेल से पवित्र मिट्टी खण्डवा ले जाने का भव्य कार्यक्रम**

**जबलपुर।** जिले के प्रभारी एवं लोक निर्माण कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री गोपाल भार्गव के मुख्य आतिथ्य में 25 नवम्बर को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस केन्द्रीय जेल जबलपुर में अमर शहीद टट्या भील की शहीद स्थली केन्द्रीय जेल से पवित्र मिट्टी खण्डवा ले जाने का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

उक्त कार्यक्रम के संबंध में कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने आज सेंट्रल जेल जबलपुर का दौरा कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री टंट्या भील की शहीद स्थली और कार्यक्रम स्थल को देखा। उन्होंने कहा कि शहीद टंट्या भील की शहीद स्थली की पवित्र मिट्टी सम्मान पूर्वक खंडवा भेजी जायेगी।



टंट्या भील उन महान क्रांतिकारियों में से एक थे जिन्होंने बारह साल तक ब्रिटिश शासन के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष किया और विदेशी शासन को उखाड़ फेंकने के अपने अदम्य साहस और जुनून के कारण जनता के लिए खुद को तैयार किया। राजनीतिक दलों और शिक्षित वर्ग ने ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के लिए जोरदार आंदोलन चलाया।

टंट्या भील, भील जनजाति के सदस्य थे। उनका जन्म 1840 में तत्कालीन मध्य प्रांत के पूर्वी निमाड़ (खंडवा) की पंधाना तहसील के बडाडा गाँव में हुआ था, जो वर्तमान में भारतीय राज्य मध्य प्रदेश में स्थित है। माना जाता है की वह बचपन से ही साहसी, होशियार थे। टंट्या भील गुरिल्ला युद्ध में निपुण थे। वह एक महान निशानेबाज भी थे और पारंपरिक तीरंदाजी में भी दक्ष थे। ÷दावा÷ या फलिया उनका मुख्य हथियार था। उन्होंने बंदूक चलाना भी सीख लिया था।

टंट्या भील ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह का झंडा बुलंद किया था। वह आदिवासियों और आम लोगों की भावनाओं के प्रतीक बन गए। लगभग एक सौ बीस साल पहले टंट्या भील जनता के एक महान नायक के रूप में उभरे और तब से भील जनजाति का एक गौरव बन चुके है। वह वंचितों का मसीहा था। उन्हें सभी आयु वर्ग के लोगों द्वारा लोकप्रिय रूप से मामा कहा जाता था। उनका यह संबोधन इतना लोकप्रिय हुआ कि भील आज भी ÷मामा÷ कहे जाने पर गर्व महसूस करते हैं। वह चमत्कारिक ढंग से उन लोगों तक पहुंच जाता था जिन्हें आर्थिक मदद की जरूरत होती थी। टंट्या भील को धोखे से गिरफ्तार कर लिया गया। इंदौर में ब्रिटिश रेजीडेंसी क्षेत्र में सेंट्रल इंडिया एजेंसी जेल में रखा गया था। बाद में उन्हे सख्त पुलिस सुरक्षा में जबलपुर ले जाया गया। उन्हें भारी जंजीरों से जकड़ कर जबलपुर जेल में रखा गया जहां ब्रिटिश अधिकारियों ने उन्हें अमानवीय रूप से प्रताड़ित किया। उस पर तरह-तरह के अत्याचार किए गए और केन्द्रीय जेल जबलपुर में 4 दिसम्बर 1889 को फांसी दी गई।

## वन-टू-वन

### बाईक पर लिफ्ट देने के बहाने परिचितो ने विवाहिता को बंधक बनाकर बनाया हवस का शिकार

**भोपाल।** राजधानी के कोलार थाना इलाके से बाइक सवार दो परिचित युवकों द्वारा महिला को लिफ्ट देने के बहाने उसे अगवा कर बिल्किसगंज में एक खेत में बंधक बनाकर रखते हुए उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। बाद मे पीडीता किसी तरह से आरोपियों के चुंगल से छूटने के बाद घर लौटी, ओर परिवार वालो को सारी जानकारी देते हुए बीते दिन परिजनों के साथ थाने जाकर प्रकरण दर्ज कराया। मामले में पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ गैंगरेप, जाति से अपमानित करने सहित अन्य धाराओ के तहत प्रकरण दर्ज घेराबंदी करते हुए एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। जबकि दूसरे आरोपी की धरपकड के प्रयास किये जा रहे है। थाना पुलिस के अनुसार इलाके मे रहने वाली 26 साल की विवाहिता ने अपनी शिकायम मे बताया कि उसके एक बच्चा भी है। रविवार शाम वो अनुपम चौराहा से अपने घर की तरफ पैदल जा रही थी, रास्ते मे उसे बाइक सवार भरत गुर्जर और राजेंद्र सिंह मिले। वह दोनों को पहले से जानती थी। आरोपियों ने उससे कहा कि वो उसे उसके घर तक बाइक से छोड़ देगे। परिचित होने के कारण महिला ने कोई आपत्ति नही की ओर उनके साथ बाइक पर बैठ गई। महिला का आरोप है, कि दोनो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और अपने साथ बिल्किसगंज ले गये। वहां आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। रविवार शाम 6 बजे से सोमवार दोपहर 12 बजे तक आरोपी उसे खेत में बने कमरे में बंधक बनाकर रखे हुए थे। इसके बाद आरोपी खेत से कहीं चले गए, ओर मौका मिलने पर पीड़िता वहां से भाग कर वापस अपने परिवार वालो के पास पहुंची ओर फिर अगले दिन पति के साथ थाने जाकर प्रकरण दर्ज करा दिया। मामला दर्जकर पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया जबकि दूसरा घटना के बाद से ही फरार है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उसके संभावित ठिकानो पर दबिश दे रही है।

### कालेजों में चहल पहल बढ़ी, समय पर परीक्षा कराना रहेगी चुनौती

**भोपाल।** कोरोना संक्रमण का लंबा समय बीतने के बाद अब शैक्षणिक गतिविधियां पूरी तरह सामान्य हो रही हैं। स्कूल -कॉलेजों में चहल-पहल बढ़ गई है, लेकिन आधे से ज्यादा शैक्षणिक सत्र बीतने के बाद स्कूल-कॉलेज खुले हैं। अब ऑनलाइन के बजाय कक्षाओं में ऑफलाइन पढ़ाई शुरू हो रही है। यूनिवर्सिटी के सामने समय पर परीक्षाएं कराने की सबसे बड़ी चुनौती उभर कर आई है। दिसंबर में कॉलेज में पढने़ वाले छात्रों की सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से पीजी के छात्रों के लिए 15 दिसंबर के बाद परीक्षाओं की तारीख तय करने के निर्देश भी दे दिए गए हैं। कोरोना काल में लगे प्रतिबंध हटाने के बाद अब पहले की तरह कॉलेजों में कक्षाएं लगाई जा रही हैं। दरअसल परीक्षा से पहले परीक्षा फॉर्म भरना और उसकी तैयारी करने के लिए कॉलेज और स्टाफ को 3 सप्ताह का समय चाहिए, लेकिन कॉलेजों में कक्षाएं शुरू होने और समय पर परीक्षा कराना अब चुनौती भरा रहेगा। ज्यादातर प्रोफेसर परीक्षा फॉर्म जमा करने और उन्हें जांचने में व्यस्त रहेंगे। ऐसे में कक्षाओं में छात्रों की पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। कुल मिलाकर कॉलेजों में कक्षाएं तो शुरू हो गई हैं, लेकिन आगामी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। प्रोफेसर और कॉलेज स्टाफ को खानापूर्ति करना होगी। जल्द ही एम ए, एम काम, एमएससी के परीक्षा फॉर्म जमा होना शुरू हो जाएंगे, जो कि दिसंबर के पहले सप्ताह तक जमा किए जा सकेंगे। इसके बाद यूनिवर्सिटी की ओर दिसंबर के तीसरे सप्ताह में परीक्षाएं कराई जाना हैं। इसका टाइम टेबल भी दिसंबर के पहले सप्ताह मे ही आ जाएगा।

### सरकार ने रोका सीपीए का 50 फीसदी बजट

**भोपाल।** राजधानी परियोजना प्रशासन सीपीए को बंद करने के लिए सितंबर में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी। इसके बाद से इसे बंद करने की कवायद शुरू हो गई है। प्रस्ताव बनकर पूरी तरह से तैयार हो गया है सिर्फ इसे अब अमलीजामा पहनाना बाकी है। बताया जा रहा है कि दिसंबर में सीपीए पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। वहीं सीपीए की बिल्डिंग को पीडब्ल्यूडी को सौंप दिया जाएगा। इसकी सुगबुगाहट अभी से सीपीए कार्यालय में दिखाई देने लगी है। सीपीए के बजट को हेड बदलकर रोका जा रहा है, वहीं पुरानी स्वीकृत कार्यों को पूरा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सीपीए का 50 फीसदी बजट रोक लिया गया है जो कि पार्क और बिल्डिंगों के मेंटनेंस से संबंधित था। दरअसल, भोपाल की बदहाल सड़कों का ठीकरा राजधानी परियोजना प्रशासन पर ऐसा फूटा कि इसे बंद करने की ही कवायद शुरू हो गई है। 1960 के दशक में राजधानी के विकास कार्यों को मूर्त रूप देने के लिए इसका गठन किया गया था। इसका काम भोपाल शहर की सड़कों को बनाने और उनकी मरम्मत करने के अलावा उद्यान, बिल्डंग निर्माण, पुल-पुलियाएं बनाने के काम भी सीपीए द्वारा किए जाते है। सीपीए को पीडब्ल्यूडी में मर्ज करने की पहल हो चुकी है जल्द ही इसके आदेश जारी किए जा सकते है। शहर के 132 एकड़ में फैले सात पार्क जिनमें एकांत, प्रियदर्शनी, मयूर, चिनार, प्रकाश तरण पुष्कर सहित अन्य पार्क शामिल है। इन सभी का काम अब नगर निगम देखेगी। सीपीए हाल ही में कलियासोत नदी पर छह करोड़ रुपये की लागत से ब्रिज का निर्माण कर रहा है। इतना ही नहीं जेके रोड सहित 25 अन्य प्रोजेक्ट ऐसे है जो वर्तमान में चल रहे है। इसके अलावा 92 किमी की 52 सड़के है। सड़कों के लिए 40 करोड़ रुपये का बजट अब भी सीपीए के पास है। इन सभी का काम लोक निर्माण विभाग को सौंपा जाएगा।

# पर्यटन यानि प्रमाणिकता, पारदर्शिता, विश्वसनीयता और उच्च गुणवत्ताः मंत्री सुश्री ठाकुर

**भोपाल।** पर्यटन, संस्कृति और आध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि पर्यटन यानि प्रमाणिकता, पारदर्शिता, विश्वसनीयता और उच्च गुणवत्ता है। पर्यटन विभाग सभी पर्यटकों को इन कसौटियों के आधार पर सर्व सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध है। मंत्री सुश्री ठाकुर भोपाल-इंदौर राजमार्ग स्थित हाई-वे ट्रीट डोडी में राज्य पर्यटन निगम और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के सहयोग से स्थापित फ्यूल स्टेशन का शुभारंभ कर रही थी। सुश्री ठाकुर ने कहा कि पर्यटन विभाग ने पर्यटकों को आरामदायक और सुरक्षित पर्यटन की सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए हमेशा ही नवाचार किए हैं। यह फ्यूल स्टेशन इसी दिशा में एक अहम कदम है। इस प्रयास के लिए पर्यटन विभाग के सभी अधिकारी और



कर्मचारी प्रशंसा के पात्र हैं। मंत्री सुश्री ठाकुर ने स्वयं अपने हाथों से पर्यटको की कार में फ्यूल भरकर फ्यूल स्टेशन कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया।

**ऑल अमेनिटीज़ टू बी अवेलेबल अंडर अ-रूफ़ - एस विश्वनाथन:** पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक एस. विश्वनाथन ने बताया कि यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं में विस्तार करते हुए निगम ने पहली बार फ्यूल स्टेशन के क्षेत्र में कदम रखा है। एक छत के नीचे ही सर्व सुविधाएँ उपलब्ध आल अमेनिटीज़ टू बी अवेलेबल के कॉन्सेप्ट पर कार्य करते हुए पर्यटक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। श्री विश्वनाथन ने बताया कि विदेशों में राजमार्गों तथा दूरस्थ क्षेत्रों (रिमोट एरिया) में भी ऐसे सेंटर हैं, जहाँ से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले पर्यटकों और यात्रियों को एक छत के नीचे ही समस्त सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। इसके मद्देनजर हमने तय किया है कि प्रदेश में राजमार्गों और दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित निगम की इकाइयों के कैम्पस में भी जल्द ही इस तरह की सुविधाएँ और फ्यूल स्टेशन स्थापित किये जायेंगे। साथ ही डोडी पर इलेक्ट्रिकल व्हीकल चार्जिंग स्टेशन की सुविधा जल्द ही शुरू की जायेगी। विधायक आष्टा रघुनाथ सिंह सहित अधिकारी एवं कम्पनी के पदाधिकारी मौजूद रहे। सचिव संदेस यशलाह, रीज़नल मैनेजर हाई-वे ट्रीट और मिड-वे रिट्रीट के प्रबन्धक अरविंद शर्मा सहित कर्मचारी सहित स्थानीय जन उपस्थित थे।

### हाई-वे ट्रीट डोडी की शुरुआत 21 वर्ष पहले

हाई-वे ट्रीट डोडी की शुरुआत 21 वर्ष पहले हुई थी। हाइ-वे ट्रीट डोडी गुजरात एवं राजस्थान से आने वाले पर्यटकों और स्थानीय इन्दौर, उज्जैन, माण्डू, ओंकारेश्वर एवं मंदसौर, नीमच व भोपाल के बीच यात्रा करने वाले पर्यटकों की सुविधा के उद्देश्य से विकसित किया गया है। वर्ष 2015-16 में हाइ-वे ट्रीट डोडी परिसर में ही मिडवे-ट्रीट का निर्माण कार्य भी पूरा किया गया है।

### बाइक रजिस्ट्रेशन एक माह तक वैध, फिर भी कम्प्यूटर वसूल रहा पेनल्टी

**भोपाल।** नियमानुसार किसी दोपहिया वाहन की रजिस्ट्रेशन वैधता समाप्त होने के बाद एक महीने के अंदर उसका नवीनीकरण करवाना पड़ता है। तब तक किसी प्रकार की पेनल्टी फीस नहीं ली जा सकती, लेकिन आरटीओ के स्मार्ट चिप कंपनी के साफ्टवेयर में पेनल्टी वसूली जा रही है। बताया जा रहा है कि ये पेनल्टी 1 नवम्बर से ही लागू की गई है। वैसे पेनल्टी की राशि मात्र 50 रुपए है, लेकिन अगर इस हिसाब से एक दिन में 50 दोपहिया वाहन भी तारीख निकल जाने केबाद नवीनीकरण के लिए आते हैं तो एक दिन में करीब ढाई हजार रुपए पेनल्टी के बतौर लिए जाते हैं और एक महीने में यह राशि हजारों रुपए में वसूली जाती है। ऐसा पहले कोई नियम नहीं था और कोरोना काल के पहले अगर दोपहिया वाहन का रजिस्ट्रेशन खत्म भी हो जाता था तो वाहन मालिक को एक महीने का समय मिलता था।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया से राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने की मुलाकात

पंकज त्रिपाठी स्टेट 9826576206
ब्यूरो हेड दैनिक पुष्पांजली टुडे

### मेहगांव विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी विकास समस्याओं पर की चर्चा

ग्वालियर/भिण्ड।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने भारत सरकार के केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के ग्वालियर आगमन के दौरान एयरपोर्ट पर मुलाकात की एवं मध्य प्रदेश के उपचुनाव में भाजपा को मिली शानदार जीत पर उन्हें बधाई भी दी नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने ग्वालियर विमानतल पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने विधानसभा क्षेत्र में मेहगांव से जुड़े विकास पर चर्चा की 7 केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को मेहगांव विधानसभा क्षेत्र में संचालित करने के लिए उनका ध्यान आकर्षित कराया राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि मेहगांव विधानसभा क्षेत्र में विकास को अमलीजामा पहनाने के लिए आपकी अति आवश्यकता है 7 मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार ने मेहगांव की जनता को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कई योजनाओं को भी ग्राम पंचायत तक संचालित किया गया है 7 स्वच्छता अभियान के माध्यम से भी हमारी पंचायतें स्वच्छता की ओर अपना कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं राज्यमंत्री भदौरिया को श्रीमंत सिंधिया ने कहा कि पूरा ध्यान मेहगांव विधानसभा पर केंद्रित करना है, केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों की विकास योजनाओं को हर बूथ के केंद्रों पर पहुंचा कर पार्टी की ताकत को मजबूत करना है श्रीमंत सिंधिया ने राज्यमंत्री भदौरिया को आह्वान किया कि जिला पंचायत जनपद और नगरीय निकाय चुनाव में भी पूरी ताकत के साथ भारतीय जनता पार्टी को मजबूती देते हुए विकास के लिए परचम फहराना है ताकि हम और योजनाओं को नीचे स्तर तक पहुंचा सकेंगे।



## फायर गेम का पासवर्ड नहीं बताने पर कर दिया स्कूली छात्र पर चाकू से जानलेवा हमला

**भोपाल।** राजधानी के अशोका गार्डन थाना इलाके में रहने वाले एक स्कूली पर छात्र दो बदमाशों द्वारा धारदार चाकू से हमला करने की घटना सामने आई है, आरोपियो के हमले मे उसे गंभीर चोटें आई है। बताया गया है कि दोनों पक्षों के बीच फ्री फायर गेम की आईडी को लेकर विवाद चल रहा था। आईडी का पासवर्ड फरियादी को पता था, लेकिन वो यह पासवर्ड आरोपियों को नहीं बता रहा था। इस कारण आरोपी गेम नहीं खेल पा रहे थे। इसी बात की रजिंश को लेकर दोनो युवकों ने बीती रात नाबालिग पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल छात्र का अस्पताल में इलाज जारी है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। थाना पुलिस ने बताया कि शेख दानिश पिता शेख सलीम (17) मयूर विहार कॉलोनी, अशोका गार्डन में रहता है। उसने इसी साल दसवीं कक्षा पास की है। दानिश ने बताया कि उसने फ्री फायर गैम की आईडी अपने एक दोस्त को 18 सौ रुपए में बेची थी। आईडी बेचने के बाद गैम नहीं चल रहा था। बताया गया है कि उस गैम की आइडी इमरान नामक युवक ने चुरा ली थी। यह बात आईडी खरीदने वाले को पता चली और उसने दानिश को बताया। दानिश ने खुद आईडी बनाई थी, और उसने पासवर्ड बदल दिया। पासवर्ड बदलने के कारण इमरान गैम नहीं खेल पा रहा था। मंगलवार शाम इमरान ने दानिश को फोन कर पासवर्ड मांगा। दानिश ने उससे कहा कि उसने गैम अपने दोस्त को बेचा है, और आईडी पासवर्ड उसी के पस रहेगा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच मोबाइल पर बहस बाजी हो गई।

## चल रही भागवत कथा अशोकनगर जिले के ग्राम गोविंद नगर में मुख्य यजमान श्री राम सिंह परिहार





रुक्मणी विवाह रुक्मणी ने लंबा पात्र और ब्राह्मण के द्वारा पहुंचाया श्री कृष्ण को और रुक्मणी के पिता का नाम श्री भीष्म था और वह कुंडलपुर नगरी के रहने वाले थे रुकमणी के भाई का नाम रुक्मी था अब रुक्मणी विवाह योग हो गई तो राजा भीष्म का विचार था कि रुक्मणी का विवाह श्री कृष्ण के साथ हो और रुक्मणी का भाई चाहता था कि रुक्मणी का विवाह चंदेरी के राजा शिशुपाल के साथ हो और रुक्मणी भी चाहती थी कि उनकी शादी कृष्ण से हो और उन्होंने अपनी भाभी के कहने पर ब्रह्मा के माध्यम से रुकमणी जी ने श्रीकृष्ण को पत्र लिख और हमारे बीच श्री गोलू कृष्ण जी ने कहा की रुकमणी जी की पत्रिका द्वारका पहुंचाई इसी बात को लेकर कृष्ण ने देखी श्री कृष्ण की कुंडलपुर चल दिए देवी पूजन करने लगी दास यहां बाहर खड़े थे पहरेदार लगे हुए थे इसी बीच में श्री कृष्ण का आगमन हुआ और श्री कृष्ण की छवि को देखकर पहरेदार मूर्छित हो गए और इसी बीच श्री कृष्ण रुक्मणी को लेकर रत में बैठाकर द्वारकाधीश की ओर चल दिए।

## सरकार के लिए विधायकी छोडी, उसी सरकार में हो गयी झूठी एफआईआर

गोहद। सन् 2020 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया खेमे के 28 विधायकों ने एक साथ विधायक पद व कांग्रेस पार्टी छोड़ भाजपा की सदस्यता लेकर कांग्रेस की कमलनाथ सरकार गिरा दी थी जिस कारण पुनः भाजपा की सत्ता में वापसी हुई थी बाद में इन पूर्व विधायकों के द्वारा भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर कई फिर से विधायक चुने गए तथा कुछ ने अपनी सीट भी गवाई जिनमें गोहद के पूर्व विधायक रणवीर जाटव भी शामिल है। अभी तीन दिन पहले ही पिपरसाना में क्रेशरों पर रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में फायरिंग हुई जिसमें दो लोग घायल हुए। इसी घटनाक्रम में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ हत्या के प्रयास का क्रॉस मामला दर्ज किया है। इसी एफ आई आर के एक पक्ष में पूर्व विधायक रणवीर जाटव का नाम एफआईआर में दर्ज किया गया है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना वाले दिन व समय पर पूर्व विधायक घटनास्थल पर मौजूद ही नहीं थे। 21 नवंबर 2021 को सहालग अधिक होने की वजह से पूर्व विधायक रविवार को विभिन्न शादी



कार्यक्रमों में शामिल होकर देर रात्रि अपने ग्वालियर स्थित घर पहुंचे और सोमवार को पूरे दिन ग्वालियर में ही व्यतीत किया जब पूर्व विधायक घटनास्थल पर मौजूद ही नहीं थे तो पुलिस ने किस आधार पर पूर्व विधायक रणवीर जाटव के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला कैसे विना जांच करे दर्ज कर लिया। इस तरह एक प्रतिष्ठित व्यक्ति पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करना पुलिस की कार्य पद्धति पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। अगर मामले की गंभीरता से जांच की जाए तो इसमें निश्चित ही यह सिद्ध होगा कि किस तरह षडयंत्र पूर्वक एक राजनीतिक व प्रतिष्ठित व्यक्ति की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है।

### इनका कहना है

रविवार के दिन मैं पूरे दिन शादी समारोह में शामिल रहा और सोमवार के दिन मैं ग्वालियर में रहा। मुझे षडयंत्र पूर्वक झूठे केस में फसाया जा रहा है। मेरा इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है।

**रणवीर जाटव पूर्व विधायक**
विधानसभा क्षेत्र गोहद

इस तरह बिना जांच करें एक संभ्रांत व्यक्ति का नाम दर्ज करना गलत है। इससे लोगों में गलत संदेश जाता है। किसी भी मामले में निर्दोष फसना नहीं चाहिए और दोषी बचना नहीं चाहिए। यदि पुलिस के द्वारा सम्मानित व्यक्ति का नाम गलत तरीके से लिखा गया है तो निश्चित ही उनपर भी कार्यवाही होनी चाहिए।

**नाथू सिंह गुर्जर**
**जिला अध्यक्ष भाजपा भिण्ड**

# अन्नदाता कम कीमत पर धान बेचने मजबूर

### प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 29 नवंबर से

**भोपाल।** शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अभी चार दिन का समय और होने से छोटे किसान अपनी उपज समर्थन मूल्य से भी कम दाम पर बेचने विवश हैं। क्षेत्र में एक पखवाड़े से धान की कटाई जारी है। धान कटाई के बाद किसानों को गेहूं की बोनी, खाद, कीटनाशक व अन्य कार्यों के लिए रुपयों की जरूरत है। इसलिए किसान बिचौलियों व व्यापारियों को मनमाने दाम पर अपनी उपज बेचकर अपना काम कर रहे हैं। प्रदेश में 29 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी होगी। इस बार प्रदेश में धान की बंपर पैदावार होने की संभावना है। क्योंकि किसानों ने 35 लाख हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में धान की बोवनी की गई। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने समर्थन मूल्य पर रिकार्ड 45 लाख टन से ज्यादा धान खरीदने की तैयारियां की हैं। लेकिन दूसरी तरह छोटे किसानों ने खेत से निकलते ही धान को बेचना शुरू कर दिया है।



**व्यापारी और बिचौलिए गांव पहुंच कर रहे खरीदी:** प्रदेश में धान की बंपर पैदावर को देखते हुए व्यापारी और बिचौलिए सक्रिय हो गए हैं। कुछ व्यापारी और बिचौलिए तो किसानों के रजिस्ट्रेशन सहित धान खरीद रहे हैं। बताया जाता है कि इन व्यापारियों ने खरीदी केंद्रों के संचालकों से लंबी सेटिंग कर रखी है जिससे वह धान का बड़ा व्यापार कर रहे हैं। वर्तमान में व्यापारियों के यहां बेखौफ धान की खरीदी की जा रही है। उधर किसानों का कहना है कि आगे की बुवाई करने के लिए क्षेत्र के व्यापारियों को ही 1500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान बेच रहे है। वैसे भी धान खरीदी केंद्रों में धान बेचने के लिए अनेकों चक्कर लगाने पड़ते हैं। लंबा इंतजार करना पड़ता है। शासन द्वारा 29 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू की जाएगी, जिसमें धान का समर्थन मूल्य 1940 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

**प्रदेश में इस बार होगी धान की बंपर पैदावार:** इस बार प्रदेश में धान की बंपर पैदावार होने की संभावना है। क्योंकि किसानों ने 35 लाख हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में धान की बोवनी की गई। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने समर्थन मूल्य पर रिकार्ड 45 लाख टन से ज्यादा धान खरीदने की तैयारियां की हैं। पिछले साल राज्य में सर्वाधिक 37 लाख टन धान समर्थन मूल्य पर खरीदा गई था। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, प्रदेश में किसान सोयाबीन से मुंह मोडने़ लगे हैं और धान की ओर उनका रूझान बढने़ लगा है। प्रदेश में धान के समर्थन मूल्य पर खरीद बढने़ के साथ धीरे-धीरे धान का क्षेत्र भी बढ़ता जा रहा है। 2019 में 30.76 लाख हेक्टेयर में धान बोया गया था। जबकि 2020 में 34.04 लाख हेक्टेयर में बोवनी की गई। वर्ष 2021 में 35 लाख हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में धान की खेती की गई है।

## श्री आईमाता बैल रेथ के एक बेलियाँ का आकस्मिक निधन

**जोधपुर** -बिलाड़ा बुधवार प्रातः 9 बजे तारीख 24 नवंबर को श्री आईजी माताजी बैल रथ के बेलिया की आज गांव नाथलकुड़ी



बेरा निम्बड़ीया पर अंतिम सांस ली।बैल रथ देवली कलां से बिलाड़ा की ओर आ रहा था तो महाराज ने इन बेलियों को आराम करने के लिए बेरा निम्बड़ीया पर रुके हुए थे । तो सुबह ये दुःखद समाचार हुआ। यह घटना होने पर महाराज मंगाराम सेणचा ने जानकारी फोन पर दीवान साहब को वह पुन्ना महाराज को तुरंत दी।।दीवान साहब वह पुन्ना महाराज ने इस बेलिया की समादि बेरा निम्बड़ीया पर करने को कहा वह गांव नाथलकुड़ी के कोटवाल जिम्मेदारी के साथ साथ गांव के गणमान्य लोगों ने इस बेलियाँ की विधिवत रूप से वह गाजे बाजे के साथ किया गया।ओर वँहा उपस्थित लोगों ने श्री आईजी माताजी से प्राथना कर समादि दी गई।ये जानकारी चंद्राराम बर्फा ने दी।

# तानसेन समारोह : बड़े-बड़े शहरों में करें समारोह का प्रचार-प्रसारः कमिश्नर

## स्थानीय समिति की बैठक में संभाग आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

**शास्त्रीय संगीत का देश का सर्वाधिक प्रतिष्ठित महोत्सव तानसेन समारोह संगीत की नगरी**

**ग्वालियर में 25 से 29 दिसम्बर तक**

**कालिदास अलंकरण भी दिए जायेंगे तानसेन समारोह में**



ग्वालियर। भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में देश का सर्वाधिक प्रतिष्ठित महोत्सव ÷तानसेन समारोह÷ संगीत की नगरी ग्वालियर में इस साल 25 से 29 दिसम्बर तक आयोजित होगा। यह सालाना समारोह भारतीय संगीत की अनादि परंपरा के श्रेष्ठ कला मनीषी संगीत सम्राट तानसेन को श्रद्धांजलि व स्वरांजलि देने के लिये पिछले 96 साल से आयोजित हो रहा है। इस साल के तानसेन समारोह में वर्ष 2013 से 2020 तक के कालिदास अलंकरण भी मूर्धन्य कलाकारों को प्रदान किए जायेंगे।

तानसेन समारोह की तैयारियों के सिलसिले में बुधवार को संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना की अध्यक्षता में स्थानीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्री सक्सेना ने तानसेन समारोह से अधिकाधिक संगीत रसिकों को जो?ने के लिये देश की राजधानी सहित अन्य ब? शहरों में समारोह की तिथियों के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही समिति के सदस्यों से इसमें सहयोग करने का आग्रह किया।

बुधवार को यहाँ मोतीमहल स्थित मानसभागार में आयोजित हुई बैठक में विधायक श्री सुरेश राजे, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. साहित्य कुमार नाहर, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक श्री जयंत भिसे व उप?िनदेशक श्री राहुल रस्तोगी, अपर आयुक्त नगर निगम श्री आर के श्रीवास्तव तथा समिति के अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने बैठक में कहा कि यू-ट्यूब सहित सोशल मीडिया के अन्य माध्यमों से भी देश व दुनियाभर में व्यापक प्रचार-प्रसार करें, जिससे संगीत रसिक इस महोत्सव का आनंद ले सकें। साथ ही ग्वालियर के पर्यटन को ब?ावा मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तानसेन समारोह की सभी व्यवस्थायें उच्च कोटि की एवं समारोह की गरिमा के अनुरूप हों। संभाग आयुक्त ने कहा कि हर बुधवार को स्थानीय समिति की बैठक के जरिए समारोह के लिये की जा रहीं तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने तानसेन समारोह की सभाओं में स्थानीय संगीत महाविद्यालय व अन्य महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की अधिकाधिक भागीदारी पर भी बल दिया।

संभाग आयुक्त ने समारोह की तिथियों में कार्यक्रम स्थलों से तीन किलोमीटर की परिधि में कोलाहल नियंत्रण आदेश सहित साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थायें, अंदर व बाहर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए । साथ ही कहा कि तानसेन समारोह के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से महाराज बा?ा स्थित टाउन हॉल और अन्य जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

### कुल 9 संगीत सभायें होंगी

संगीत अकादमी के उप निदेशक श्री राहुल रस्तोगी ने बताया कि तानसेन समारोह का शुभारंभ पारंपरिक ढंग से 26 दिसम्बर को प्रातःकाल तानसेन समाधि स्थल पर हरिकथा, मिलाद, शहनाई वादन व चादरपोशी के साथ होगा। 26 दिसम्बर को सायंकाल 6 बजे तानसेन अलंकरण समारोह और पहली संगीत सभा आयोजित होगी। इस बार के समारोह में कुल 9 संगीत सभायें होंगी। पहली 7 संगीत सभायें सुर सम्राट तानसेन की समाधि एवं मोहम्मद गौस के मकबरा परिसर में भव्य एवं आकर्षक मंच पर सजेंगीं। समारोह की आठवीं सभा 29 दिसम्बर को सुर सम्राट तानसेन की जन्मस्थली बेहट में झिलमिल नदी के किनारे और नौवीं एवं आखिरी संक्षिप्त संगीत संभा ग्वालियर किले पर आयोजित होगी। प्रातःकालीन सभा हर दिन प्रातः 10 बजे और सांध्यकालीन सभा सायंकाल 6 बजे शुरू होंगीं।

### गूजरी महल में भी गूँजेंगी स्वर लहरियाँ और पूर्व संध्या पर 'गमक' का आयोजन

तानसेन समारोह की पूर्व संध्या यानि 25 दिसम्बर को हजीरा चौराहे के समीप स्थित इंटक मैदान में उप शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम ÷पूर्वरंग÷ गमक होगा। इस साल के तानसेन संगीत समारोह की अंतिम संगीत सभा किला परिसर में होगी। यह सभा शास्त्रीय संगीत के महान पोषक राजा मानसिंह तोमर की प्रेयसी मृगनयनी के नाम से बने गूजरी महल परिसर में सजेगी। तानसेन समारोह के दौरान वादी-संवादी कार्यक्रम भी होगा।

### ये मूर्धन्य कलाकार सम्मानित होंगे कालिदास अलंकरण से

इस बार के तानसेन समारोह में कालिदास अलंकरण से मूर्धन्य कलाकारों को विभूषित किया जाएगा। समारोह में 26 दिसम्बर की सांध्यकालीन सभा में सुविख्यात सितार वादक पं. कार्तिक कुमार को वर्ष 2013 एवं सुप्रसिद्ध घटम वादक पं. विक्कू विनायकम को वर्ष 2014 के कालिदास अलंकरण से अलंकृत किया जाएगा। इसी तरह 27 दिसम्बर की सायंकालीन सभा में कर्नाटक संगीत की सुविख्यात गायिका सुश्री अरूणा साईराम को वर्ष 2015 और हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की सुविख्यात गायिका सुश्री अश्विनी भि? देशपाण्डे को वर्ष 2016 के कालिदास अलंकरण से विभूषित किया जाएगा। तानसेन समारोह में 28 दिसम्बर की सायंकाल आयोजित होने वाली सभा में सुविख्यात शास्त्रीय गायक पं. व्यंकटेश कुमार वर्ष 2017 और ख्यातिनाम तबला वादक पं. सुरेश तलवलकर वर्ष 2018 के कालिदान अलंकरण से विभूषित होंगे। इसी तरह 29 दिसम्बर की सांध्यकालीन सभा में सुविख्यात ध्रुपद गायक पं. अभय नारायण मलिक को वर्ष 2019 और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संतूर वादक पं. भजन सोपोरी को वर्ष 2020 के कालिदास अलंकरण से विभूषित किया जायेगा।

## वायुसेना के सामरिकी एवं हवाई समाधान विकास स्क्वाड्रन का स्वर्ण जयंती समारोह

ग्वालियर। सामरिकी एवं समाघात विकास प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के 50 वर्षों का गौरवशाली इतिहास मनाने के लिये आर्मी पोस्टल सर्विस द्वारा जारी फर्स्ट डे कवर 27 नवम्बर 2021 को एयर फोर्स ग्वालियर में एयर मार्शल डी. चौधरी एवीएसएम वीएमविएसएम, कमांडेंट, एनडीसी द्वारा जारी किया जा रहा है।

सामरिकी एवं समाघात विकास प्रशिक्षण स्क्वाड्रन की स्थापना 01 फरवरी 1971 को आदमपुर में चार मिग-21 (प्रकार 77), चार सुखोई-7 विमान तथा युद्धक विमान चालकों के एक अभयंतर दल के साथ हुई। सन् 1971 में ही यह स्क्वाड्रन अम्बाला स्थानांतरित हो गई, जहां से इसने भारत-पाक युद्ध में योगदान दिया और जिसमें उसे एक वीर चक्र, तेरह प्रेषण में उल्लेख, एक वायु सेना मेडल एवं चार वायु अफसर कमांडिंग-इन-चीफ द्वारा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त हुए।

युद्धोपरांत इस इकाई का नामकरण सामरिकी तथा हवाई समाधान विकास स्थापना कर दिया गया एवं सन् 1972 में यह हकाई जामनगर स्थानांतरित हो गई। तदोपरांत अप्रैल 2001 में वर्तमान जगह ग्वालियर में स्थानांतरित हो गई। यह स्थापना भारतीय वायु सेना के लिये मौलिक अवधारणाओं के उद्गम एवं युद्धक सामरिकी के विकास हेतु घड़िया-पात्र बन गई।

इस अंतराल में यह स्थापना युद्ध कौशल के सम्मुख परिचालन परिवेश में हो रहे निरंतर परिवर्तनों को समगती से बढ़ते हुए आत्मसात करती रही। साल दर साल अपने युद्ध कौशल में निखार एवं अतुलनीय योगदान के लिए इस स्थापना को 10 नवम्बर 2009 को भारत के राष्ट्रपति के द्वारा मानक के अलावा 8 अक्टूबर 2016 को इसके परिचालन अवलंब भूमिका हेतु वायु सेना के प्रमुख द्वारा प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया गया।

## मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोकनगर निलंबित

ग्वालियर। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोकनगर श्री पी के सिंह को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री सिंह का मुख्यालय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास कार्यालय ग्वालियर रहेगा। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सिंह के संबंध में सोशल मीडिया पर अशोभनीय वार्ता का ऑडियो/वीडियो वायरल होने पर संभाग आयुक्त ने यह कार्रवाई की है।

## निगमायुक्त श्री कन्याल द्वारा गठित दलों ने किया जनमित्र केन्द्रों का निरीक्षण



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के आदेशानुसार गठित दलों द्वारा जनमित्र केन्द्र, साफ सफाई व्यवस्था व आदि का औचक निरीक्षण कया जा रहा है, तथा कमिंया पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ आवशयक कार्यवाही की जा रही है।

इसी के तहत सहायक आयुक्त सुश्री मिनी अग्रवाल ने ग्वालियर पूर्व के जनमित्र केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरानप जनमित्र केन्द्र 08 की जावक पंजी में पेंशन प्रकरण दिया जाना लंबित पाये गए। जिसे समय सीमा में भेजने के निर्देश संबंधित को दिए तथा संबंधित राजस्व टीसी को भी ऐसे प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।

इसी क्रम में जनमित्र केन्द्र 12 रोशनीघर के प्रभारी श्री धर्मवीर कंगवाल एवं ऑपरेटर अनुपस्थित मिलने पर शोकाज नोजि जारी किया गया तथा समस्त रिकार्ड के साथ उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही अन्य जनमित्र केन्द्रों पर भी अनियमितताओं के संबंध में जनमित्र प्रभारियों को रिकॉर्ड सही रखने निर्धारित समय सीमा का पालन करने के निर्देश दिए।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आज

ग्वालियर।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 25 नवम्बर को होगी। इस दिन यह बैठक प्रातः 11 बजे सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में होगी। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण और जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण अंचल में निर्माणाधीन नल-जल योजनाओं की समीक्षा की जायेगी।

## मध्य प्रदेश पत्रकार संघ फोटो जर्नलिस्ट प्रकोष्ठ का गठन

**राजेश जायसवाल् छोटू अध्यक्ष रवि उपाध्याय महासचिव चुने**




ग्वालियर । मध्य प्रदेश पत्रकार संघ द्वारा आज बुधवार को ग्वालियर प्रेस क्लब भवन मे फोटो जॉर्नलिस्ट प्रकोष्ठ का गठन संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र माथुर और संस्थापक महासचिव राजेश शर्मा बरिष्ठ पत्रकार राजलखन सिंह की मौजुदगी मे बरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट राजेश जायसवाल को जिलाध्यक्ष और रवि उपाध्याय को महासचिव चूना गया । इस मौके पर जयदीप सिकरवार,संजय भटनागर,कोक सिंह,रघुवीर कुशवाह,मुकेश बॉथम, विनोद् माहुने, श्रीनिवास तिवारी,उपेन्द्र तोमर आदि उपस्थित थे।

## अनुपस्थित कर्मचारियों के एक दिवस के वेतन काटने के दिये निर्देश



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर शहर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों को लेकर निगम अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन सुबह अपने अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की मोनिटरिंग की जाकर संबंधित कर्मचारियों को आवशयक दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं। इसके साथ ही आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। उपायुक्त श्री अतिबल सिंह यादव ने जोन 24 एवं 25 के वार्ड 65 एवं 66 का भ्रमण कर केदारपुर धाम का निरीक्षण किया। इसके साथ ही केदारपुर धाम से झांसी रोड, एजी ऑफिस तक वार्ड नंबर 59 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड 59 में श्री तेजपाल पुत्र मूलाराम तथा श्री सूरज पुत्र राजेश तथा श्री अजय पुत्र मुन्ना, वार्ड 66 में श्री रिंकू पुत्र मुन्नालाल, श्री सुनील पुत्र राधे, श्री सुनील पुत्र श्याम, श्री राहुल पुत्र भीमसेन, श्री छोटू पुत्र रामनाथ, श्री अजय पुत्र भगवानदास, श्री सानू पुत्र गोपाल एवं वार्ड 65 में श्री लालाराम पुत्र रामदास, श्री धर्मेन्द्र पुत्र मोहन इस प्रकार तीन वार्डों में 13 सफाई मित्र अनुपस्थित पाए गए ।

## पाँच हितग्राहियों को दिया राजीव आवास योजना का पट्टा



ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर की सम्पदा शाखा द्वारा श्री जय प्रकाश, श्रीमती मिथिला बाई, श्रीमती सुख देवी, श्री ब्रिजकिशोर, श्री राधेश्याम ब्रिजकिशोर को राजीव आवास योजना के तहत पटटा प्रदान किया गया। नोडल अधिकारी सम्पदा शाखा श्री अरविन्द्र चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री किशोर कान्याल द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में सम्पदा शाखा द्वारा शाखा में लंबित आवास आदि के सभी प्रकरणों का नियमानुसार निराकरण किया जा रहा है। आवेदकों श्री जय प्रकाश, श्रीमती मिथिला बाई, श्रीमती सुख देवी, श्री ब्रिजकिशोर, श्री राधेश्याम ब्रिजकिशोर द्वारा राजीव आवास योजना के अंतर्गत आवास के लिए आवेदन दिया गया था, जिसके चलते आज बुधवार को राजीव आवास योजना के अंतर्गत आवास का पटटा प्रभारी अधिकारी श्री सुरेन्द्र जैन द्वारा प्रदान किया गया।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478